

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 136 | रविवार, 28 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## सेशेल्स में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत, रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी नई धार

**तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय दिवस समारोह में होंगे मुख्य अतिथि**

- » सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया स्वागत
- » राष्ट्रीय दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे पीएम
- » समुद्री सुरक्षा, हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देने पर होगी अहम चर्चा



**नई दिल्ली/विक्टोरिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय देश सेशेल्स पहुंचे, जहां उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। राजधानी विक्टोरिया स्थित सेशेल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने स्वयं उनकी अगवानी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया तथा भारतीय समुदाय और स्थानीय नागरिकों ने भी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। सेशेल्स को भारत का महत्वपूर्ण समुद्री साझेदार माना जाता है और दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह यात्रा विशेष महत्व रखती है।

प्रधानमंत्री मोदी 29 जून को सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वर्ष यह समारोह विशेष महत्व रखता है क्योंकि देश अपनी स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती मना रहा है। समारोह में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल भी भाग लेंगे, लेकिन मुख्य अतिथि के रूप में भारत के प्रधानमंत्री की उपस्थिति दोनों देशों के मजबूत होते संबंधों का स्पष्ट संकेत मानी जा रही है। राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित भव्य परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी भी हिस्सा लेगी। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत भी समारोह में भाग लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग का संदेश देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ता का मुख्य विषय हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा, समुद्री सहयोग, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन तथा क्षेत्रीय स्थिरता रहेगा।

### राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने किया गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान के सेशेल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचते ही राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर सेशेल्स सरकार के वरिष्ठ मंत्री, अधिकारी और बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग भी उपस्थित रहे।

हवाई अड्डे पर भारतीय समुदाय ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गुजरात के कच्छ क्षेत्र के लोकनृत्य की प्रस्तुति ने पूरे समारोह को भारतीय रंग में रंग दिया। प्रधानमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और उनके उत्साह के लिए आभार व्यक्त किया।

## हम पीएम मोदी के बहुत बड़े प्रशंसक: अमेरिकी विदेश मंत्री

**वॉशिंगटन**

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत को एक प्रभावशाली वैश्विक शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ की है। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी और शीर्ष राजनयिक ने आगे कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी के बीच बहुत करीबी संबंध हैं।

व्हाइट हाउस में आईएएनएस को दिए एक खास इंटरव्यू में रुबियो ने कहा, "भारत, अमेरिका का बहुत करीबी पार्टनर और सहयोगी है और प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के बीच संबंध इससे बेहतर नहीं हो सकते। मुझे लगता है कि कूटनीति में यह बहुत अहम है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में भारत का बढ़ता प्रभाव नई दिल्ली और वॉशिंगटन के रिश्तों को मजबूत बना रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साझा मूल्यों और हितों ने कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। उन्होंने कहा, "ये दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र हैं। मुझे लगता है कि हमारी बहुत सी बातें एक जैसी हैं और हम मिलकर काम कर सकते हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि भारत और अमेरिका अर्थव्यवस्था, सप्लाई चेन, अहम खनिजों, ऊर्जा, सुरक्षा और नेविगेशन की आजादी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं



### हम प्रधानमंत्री मोदी के प्रशंसक

उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करता है और भारत को अमेरिका का सबसे करीबी रणनीतिक साझेदार माना जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा, "हम प्रधानमंत्री मोदी और उनके किए गए कामों के बहुत बड़े प्रशंसक हैं।" उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत जबरदस्त आर्थिक तरक्की कर रहा है और एक ऐसी वैश्विक ताकत के तौर पर उभर रहा है, जिसकी वैश्विक फैसले लेने में अब ज्यादा अहमियत है।

और कहा, "ये सभी ऐसे मुद्दे हैं जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं।" अमेरिकी राजनयिक ने यह भी कहा कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने उनके देश को समृद्ध बनाया है और भारत-अमेरिका संबंधों को बढ़ाने में मदद की है।

## संक्षिप्त समाचार

### एलपीजी टैंकर टोल से टकराया धमाके के बाद आग लगी

**कौशांबी।** यूपी के कौशांबी में शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे एक एलपीजी टैंकर बेकाबू होकर टोल प्लाजा से टकरा गया। टक्कर के बाद तेज धमाका हुआ और टैंकर में आग लग गई। हादसे में टैंकर चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। उसका शव पूरी तरह जल गया और कंकाल का कुछ हिस्सा ही बरामद हो सका। वहीं, पांच टोल कर्मचारी भी झुलस गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था। टोल प्लाजा के यार्ड में खड़ी 16 बाइकें और दो कारें भी आग की चपेट में आकर जल गईं।

### धर्मांतरण के बाद आरक्षण का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** धर्म परिवर्तन और आरक्षण के अधिकार को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को असंवैधानिक घोषित कर दिया है, जिसमें पिछड़ी, अति पिछड़ी, डी-नोटिफाइड और अनुसूचित जाति वर्ग से इस्लाम स्वीकार करने वाले व्यक्तियों को 'बैकवर्ड क्लास मुस्लिम' श्रेणी में शामिल कर आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था की गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल धर्म परिवर्तन के आधार पर किसी व्यक्ति को मुस्लिम समाज के किसी विशेष समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन और जस्टिस पीबी बालाजी की पीठ ने कहा कि सरकार महज प्रशासनिक आदेश के जरिए पहले से स्थापित न्यायिक सिद्धांतों को नहीं बदल सकती।

### पिता बोले-सिया को हेयर विग की जानकारी थी

**पुणे।** पुणे में केतन अग्रवाल मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। केतन के हेयर विग लगाने को हत्या के पीछे की वजह बताने पर पिता विशाल अग्रवाल ने कहा- सिया और उसके परिवार को पता था कि केतन सिर पर विग का एक पैच लगाता था। उसे पसंद नहीं था तो वह मना कर सकती थी लेकिन क्या यह किसी को मारने की वजह हो सकती है? पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिया इस शादी से खुश नहीं थी। केतन के सिर पर विग होने और बात करते समय हकलाने की वजह से सिया के मन में उसके प्रति नफरत बैठ चुकी थी।

### ट्रक-पिकअप में हुई टक्कर, 8 की मौत

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। एक्सीडेंट रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर हुआ। कोयला लदे एक ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बैंड-ताशा पार्टी से जुड़े थे, उनके सामान बैंड-बाजे सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, जबकि ट्रक को मौके पर छोड़ ड्राइवर भाग निकला। घटनास्थल पर सात लोगों की मौत हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को रांची रेफर किया गया, जिसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## एक ही विमान में साथ दिखे उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र की राजनीति में शनिवार को उस समय चचाओं का दौर तेज हो गया, जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे एक ही वाणिज्यिक विमान से मुंबई से नागपुर के लिए रवाना होते दिखाई दिए। दोनों नेताओं के एक साथ यात्रा करने की तस्वीरें सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने इन चचाओं को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह सामान्य और संयोगवश हुई यात्रा बताया है।

नागपुर पहुंचने के बाद जब पत्रकारों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस विषय पर सवाल किया, तो उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि "लगता है आज की सबसे बड़ी खबर यही है।" उनके इस हल्के-फुल्के जवाब ने पूरे घटनाक्रम को सहज बना दिया और वहां मौजूद लोगों के बीच भी मुस्कान फैल गई। मुख्यमंत्री की इस प्रतिक्रिया को राजनीतिक तनाव के बीच लोकतांत्रिक शालीनता का उदाहरण माना गया। उन्होंने इस मुद्दे पर किसी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी करने से भी परहेज किया। भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य प्रसाद लाड ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चल रही चचाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का अर्थ कभी भी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं होता। प्रसाद लाड ने कहा कि लोकतंत्र में अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहना लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा है।

### एक ही विमान में यात्रा ने खींचा लोगों का ध्यान

शनिवार सुबह मुंबई से नागपुर जाने वाली नियमित वाणिज्यिक उड़ान में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्धव ठाकरे एक साथ यात्रा करते दिखाई दिए। उद्धव ठाकरे के साथ उनके पुत्र एवं विधायक आदित्य ठाकरे तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय राउत भी मौजूद थे। विमान में दोनों नेताओं की मौजूदगी की तस्वीरें और वीडियो जैसे ही सामने आए, वैसे ही राजनीतिक गलियारों और सामाजिक माध्यमों पर चचाओं का सिलसिला शुरू हो गया। कई लोगों ने इसे महज संयोग बताया, जबकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने इसे लेकर अलग-अलग तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। हालांकि किसी भी पक्ष की ओर से इस यात्रा को लेकर किसी विशेष राजनीतिक संदेश की पुष्टि नहीं की गई।

## वंदे मातरम केवल गीत नहीं, भारत के पुनर्निर्माण का मंत्र है: शाह

**नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के पुनर्निर्माण का मंत्र है। उन्होंने यह बात बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया था। उन्होंने कहा कि उस समय क्रांतिकारियों ने इस नारे को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया था और कई स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम का जाप करते हुए देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि यह गीत केवल भावनाओं का प्रतीक नहीं था, बल्कि यह गुलामी के खिलाफ लड़ाई की एक मजबूत आवाज बन गया था।

### बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को श्रद्धांजलि

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने ब्रिटिश शासन के दौरान देशवासियों में आत्मविश्वास और राष्ट्रीय चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके द्वारा रचित गीत वंदे मातरम केवल साहित्यिक रचना नहीं रहा, बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक शक्तिशाली प्रेरणा स्रोत बन गया।

**अमेरिका-भारत संबंधों में बड़ी कूटनीतिक हलचल**

## 2027 में भारत दौरे पर आ सकते है ट्रंप

**नई दिल्ली**

अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक रिश्तों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने संकेत दिया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अगले साल की शुरूआत में भारत का दौरा कर सकते हैं। यह यात्रा 2027 की शुरूआत में संभावित बताई जा रही है। मार्को रूबियो ने बताया कि अमेरिकी प्रशासन इस दौरे को लेकर तैयारी कर रहा है और इसे भारत-अमेरिका संबंधों के लिए बेहद सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगी। अगले साल राष्ट्रपति ट्रंप के



भारत जाने की तैयारी चल रही है। यह बहुत सकारात्मक कदम है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को जल्द अंतिम रूप दिया जा सकता है। दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को लेकर लगातार बातचीत जारी है।

### ट्रंप और मोदी के संबंधों पर बयान

रूबियो ने प्रधानमंत्री और ट्रंप के रिश्तों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंध हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा दे रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यदि यह यात्रा होती है तो यह भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक अहम मोड़ साबित हो सकती है, खासकर व्यापार, रक्षा और तकनीकी सहयोग के क्षेत्रों में।

## एमके स्टालिन की डीएमके को लगा एक और झटका, एमडीएमके ने 9 साल पुराना गठबंधन तोड़ा

**चेन्नई**

तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। मरुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के साथ अपना 9 साल पुराना गठबंधन आधिकारिक तौर पर खत्म कर दिया है।

यह फैसला आज पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में लिया गया। हालांकि, एमडीएमके ने अभी औपचारिक रूप से सत्ताधारी टीवीके (टीवीके) के नेतृत्व वाले मोर्चे में शामिल होने की घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसके साफ संकेत मिल रहे हैं। अपनी जनरल काउंसिल बैठक में पारित प्रस्तावों में एमडीएमके ने मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की सरकार का स्वागत किया। इसके साथ ही पार्टी ने नई सरकार से अपने प्रमुख चुनावी वादों पर अडिग रहने का आग्रह किया, जिसमें भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना और मेकेदातू बांध परियोजना जैसे मुद्दों पर तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा करना शामिल है। हालांकि, पार्टी के प्रस्तावों में टीवीके (टीवीके) गठबंधन में शामिल होने का कोई सीधा जिक्र नहीं किया गया है, भले ही तमाम राजनीतिक संकेत इसी दिशा में इशारा कर रहे हैं। गठबंधन से बाहर निकलने के फैसले को सही ठहराते हुए एमडीएमके ने आरोप लगाया कि डीएमके के भीतर एमडीएमके को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही थीं। पार्टी ने यह दावा भी किया कि एआईएडीएमके को सरकार बनाने में मदद करने के लिए एक गुप्त योजना पर काम चल रहा था।



**टीवीके सरकार के साथ बढ़ती नजदीकियां**

एमडीएमके के इस अलगाव के संकेत पहले ही मिल चुके थे, जब पार्टी ने टीवीके सरकार के विश्वास मत के दौरान मतदान से दूरी बना ली थी। इसके बाद एमडीएमके प्रमुख वाइको, उनके बेटे और सांसद दुरई वाइको ने मुख्यमंत्री विजय और टीवीके के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई बैठकें भी की थीं। एमडीएमके के बाहर निकलने के बाद अब कांग्रेस, वीसीके, आईयूएमएल और एमडीएमके सत्ताधारी टीवीके के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इस नई सरकार में कांग्रेस दो मंत्रियों के साथ गठबंधन सहयोगी बन चुकी है, जबकि पास कैबिनेट में एक-एक मंत्री पद है। वहीं, सीपीआई और सीपीएम जैसी वामपंथी पार्टियां बाहर से अल्पसंख्यक टीवीके सरकार को अपना समर्थन दे रही हैं।

### एमडीएमके के दो विधायकों का बगावती रुख

यह घटनाक्रम जहां एक तरफ डीएमके के लिए एक झटका है, वहीं खुद एमडीएमके को भी इससे नुकसान उठाना पड़ा है। साल 2026 के विधानसभा चुनाव में डीएमके के उगते सूरज चुनाव चिह्न पर चुने गए एमडीएमके के दो विधायकों ने इस जनरल काउंसिल बैठक का बहिष्कार कर दिया। इन विधायकों ने संकेत दिया है कि वे डीएमके के साथ ही बने रहेंगे। उनके इस फैसले का मतलब यह है कि अगर एमडीएमके औपचारिक रूप से टीवीके के साथ गठबंधन कर भी लेती है, तो भी सत्ताधारी दल की विधायी संख्या में तुरंत कोई बढ़ोतरी नहीं होगी और न ही कोई सीट खाली होगी जिससे उपचुनाव की नौबत आए।

## एक वर्ष में मतदाता सूची से हटे करीब छह करोड़ नाम

**नई दिल्ली**

देशभर में मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को एक वर्ष पूरा हो गया है। इस अभियान के दौरान अब तक देशभर में लगभग छह करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा चुके हैं। वर्तमान में 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया अभी भी जारी है। चुनाव अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल पात्र और वास्तविक मतदाताओं को मतदाता सूची में बनाए रखना तथा मृत, स्थानांतरित अथवा दोहरे पंजीकरण वाले नामों को हटाना है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत पिछले वर्ष



24 जून को बिहार विधानसभा चुनाव से पहले की गई थी। उस समय चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन करने के लिए व्यापक सत्यापन अभियान चलाया था। इस प्रक्रिया के दौरान बिहार में लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिसके बाद इस विषय पर व्यापक राजनीतिक बहस छिड़ गई थी। कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि बड़ी संख्या में लोगों को उनके मताधिकार से वंचित किया जा रहा है।

## कब्जा मिलने के बाद भी बिल्डर से मुआवजा मांग सकते हैं घर खरीदार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

देशभर के लाखों घर खरीदारों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि फ्लैट या मकान का कब्जा मिलने के बाद भी यदि बिल्डर ने समय पर निर्माण पूरा नहीं किया या सेवा में किसी प्रकार की कमी बरती है, तो खरीदार मुआवजे की मांग करने का अधिकार रखता है। अदालत ने कहा कि केवल कब्जा स्वीकार कर लेने से खरीदार के कानूनी अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। यदि परियोजना में अनावश्यक देरी हुई है या खरीदार को मानसिक, आर्थिक अथवा अन्य प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा है, तो वह उचित मुआवजे के लिए उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि फ्लैट का कब्जा लेने के बाद घर खरीदार उपभोक्ता नहीं रह जाता और इसलिए वह निर्माण में देरी के लिए मुआवजे का दावा नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने इस दलील को अस्वीकार करते हुए कहा कि यदि किसी बिल्डर ने तय समय सीमा का पालन नहीं किया है, तो केवल कब्जा दे देने से उसकी जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। खरीदार को हुई आर्थिक हानि, मानसिक तनाव और अन्य परेशानियों के लिए बिल्डर जवाबदेह रहेगा। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि कई बार बिल्डर वर्षों की देरी के बाद खरीदारों को फ्लैट का कब्जा दे देते हैं। ऐसे मामलों में यदि यह मान लिया जाए कि कब्जा स्वीकार करने के साथ ही खरीदार के सभी अधिकार समाप्त हो जाते हैं, तो यह न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत होगा। न्यायालय ने कहा कि कब्जा लेना अक्सर खरीदार की मजबूरी होती है। लंबे समय तक इंतजार और भारी आर्थिक निवेश के बाद अधिकांश लोग अपने घर में रहने के लिए कब्जा स्वीकार कर लेते हैं। इसका अर्थ यह नहीं लगाया जा सकता कि उन्होंने बिल्डर की लापरवाही या देरी को स्वीकार कर लिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अब बिल्डरों पर समय सीमा का पालन करने का दबाव और बढ़ेगा, क्योंकि कब्जा देने के बाद भी उनके खिलाफ मुआवजे के दावे किए जा सकेंगे। इस निर्णय से निर्माण कंपनियों को अपनी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और खरीदारों के साथ किए गए वादों का पालन करने के लिए अधिक जिम्मेदार बनना पड़ेगा। साथ ही, भविष्य में परियोजनाओं की योजना और प्रबंधन में भी अधिक सावधानी बरती जाएगी।

### खरीदारों के अधिकारों को मिली नई मजबूती

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से देशभर के उन लाखों लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्होंने वर्षों तक अपने सपनों के घर का इंतजार किया और निर्माण में देरी के कारण अतिरिक्त किराया, बैंक ऋण की किस्तें तथा अन्य आर्थिक बोझ झेला। अब ऐसे सभी खरीदार, भले ही उन्हें फ्लैट का कब्जा मिल चुका हो, अपने नुकसान की भरपाई के लिए कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि बिल्डर की ओर से समय पर परियोजना पूरी करना उसकी जिम्मेदारी है। यदि वह इसमें विफल रहता है तो खरीदार को मुआवजा पाने का पूरा अधिकार है।



### उपभोक्ता संरक्षण कानून की भावना के अनुरूप फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण कानून का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना है। यदि किसी सेवा में कमी पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। निर्माण कार्य में देरी, वादों का पालन न करना और समय सीमा का उल्लंघन सेवा में कमी की श्रेणी में आते हैं। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ता आयोग ऐसे मामलों की सुनवाई कर सकता है और उचित परिस्थितियों में बिल्डर को मुआवजा देने का आदेश भी दे सकता है।

## असुरक्षित कोचिंग संस्थानों पर सख्ती, 6 सील

**बरेली।** जनसुरक्षा और अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को लेकर बरेली में लगातार तीसरे दिन भी विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार 27 जून 2026 को पुलिस प्रशासन, बरेली विकास प्राधिकरण और अग्नि शमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और जिम का निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 9 संस्थानों की जांच की गई। जांच के बाद सोमिक लाइव साइंसेज प्रा. लि., वैदास क्लासेज (सत्यम पैलेस, करगैना बदायूं रोड), एक्सप्लोर लाइब्रेरी (कृष्णा कॉम्प्लेक्स, बदायूं रोड), अनंत ज्ञान लाइब्रेरी (सर्वोदय नगर कॉलोनी, सुभाषनगर), राजश्री लाइब्रेरी (करगैना बदायूं रोड) और माया एकेडमी ऑफ एडवांस सिनेमेटिक (एकता नगर, स्टेडियम रोड) को अत्यंत असुरक्षित पाए जाने पर सील कर दिया गया।

# बचपन की दोस्त को मोबाईल दिलवाया घर पर पहुंचे लेट तो युवती के घर वालों ने पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां 21 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक को उसकी बचपन की दोस्त के परिजनों ने घर में घुसकर बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी थी। इसी मानसिक दबाव और तनाव के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर चार नामजद समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मोहनपुर रामनगर निवासी कारपेंटर गंगादेव शर्मा का 21 वर्षीय बेटा आदित्य शर्मा पड़ोस में रहने वाली एक युवती का बचपन का मित्र था। परिजनों के मुताबिक 23 जून को दोनों बटलर प्लाजा मार्केट गए थे, जहां युवती के लिए मोबाइल खरीदा गया। इसके बाद दोनों आदित्य की नानी के घर चले गए, जिससे युवती के घर लौटने में देर हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवती के देर से घर पहुंचने पर उसके पिता, भाई, चचेरे भाई और मां आदित्य के घर पहुंचे। आदित्य को फोन कर बुलाया गया और उसने युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद भी विवाद थमने के बजाय बढ़



गया और आरोप है कि युवती के परिजनों ने आदित्य के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पर परिवार के अन्य सदस्यों को भी धमकियां दी गईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब आरोपी वहां से चले गए।

- युवक ने खा ली सल्फास मौत, चार नामजद पर मुकदमा दर्ज

> इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। विवेचना के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।
>
> –मकेश चंद्र मिश्रा, एसपी उत्तरी

परिजनों के अनुसार, अगले दिन आदित्य घर से चला गया। शाम को उसने अपने माता-पिता को फोन कर अपनी गंभीर हालत की जानकारी दी। परिजन तत्काल उसके पास पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता गंगादेव शर्मा की शिकायत पर प्रमोद भारद्वाज, अंकुर भारद्वाज, आदित्य भारद्वाज, बीना भारद्वाज समेत अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए कथित रूप से उकसाने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## सार संक्षेप

### कार बैक होने से दीवार में फंसे किसान की इलाज के दौरान मौत, परिवार में मचा कोहराम



**बरेली।** थाना भुता क्षेत्र के केसरपुरा गांव निवासी 42 वर्षीय अर्जुन कुमार की कार दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के चाचा ने बताया कि गुरुवार को अर्जुन अपने घर के बाहर खड़ी कार के पास पहुंचे थे। इसी दौरान कार अचानक बैक होने लगी। कार को रोकने के प्रयास में वह कार और दीवार के बीच फंस गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। अर्जुन की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन शुक्रवार रात उनकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी ममता का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे माता–पिता, पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गए हैं। वह खेती–बाड़ी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### पोस्टमार्टम हाउस परिसर में आरओ वाटर प्लांट का उद्घाटन, अब मिलेगा स्वच्छ पेयजल



**बरेली।** पोस्टमार्टम हाउस परिसर में आमजन एवं मृतकों के परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थापित आरओ वाटर प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य परिसर में आने वाले लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आरओ वाटर प्लांट का नियमित संचालन तथा समय–समय पर रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि पोस्टमार्टम हाउस आने वाले सभी लोगों को लगातार सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल मिल सके। जिला प्रशासन ने कहा कि जनसुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उसकी प्राथमिकताओं में शामिल है और नागरिकों को बेहतर एवं सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

### डीएम अविनाश सिंह की संवेदनशील पहल से गरीब मरीज को जल्द मिलेगी राहत की उम्मीद



**बरेली।** राजाराम की जिंदगी आर्थिक तंगी के कारण संकट में है। ग्राम डोली, रघुवर दयाल निवासी राजाराम गंभीर किडनी और लीवर की बीमारी से पीड़ित हैं तथा उनका इलाज बरेली के एसआरएमएस अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उपचार में करीब 4 लाख रुपये की आवश्यकता है, लेकिन परिवार यह खर्च उठाने में असमर्थ है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बाद जिला प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, फिर भी अब तक आर्थिक सहायता नहीं मिल सकी। परिजनों ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मानवीय आधार पर तत्काल हस्तक्षेप कर मुख्यमंत्री राहत कोष या अन्य योजनाओं से मदद दिलाने की अपील की है, ताकि मरीज की जान बचाई जा सके।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान नोट उड़ने से बवाल, पदार्थपुर में तनाव

## भीड़ बेकाबू होने पर पुलिस को करना पड़ा हस्तक्षेप, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के पदार्थपुर गांव में मोहर्रम के जुलूस के दौरान अचानक हालात बिगड़ गए। जुलूस के बीच कथित रूप से नोट उड़ाए जाने के बाद भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। नोट उठाने की होड़ में लोग एक-दूसरे से भिड़ गए और देखते ही देखते धक्का-मुक्की के साथ विवाद की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मोहर्रम का जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्वक निकाला जा रहा था।

इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा नोट उड़ाने का आरोप लगा, जिसके बाद भीड़ बेकाबू हो गई। बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और अव्यवस्था फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि भीड़ बढ़ने के साथ दो पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट में




बदल गई। आरोप है कि इस दौरान लाठी-डंडों का भी इस्तेमाल हुआ, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। साथ चल रही पुलिस टीम के समझाने पर उनसे भी हॉक टॉक हुई। घटना की जानकारी मिलते ही बिथरी चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। हालात को संभालने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग किया। सूचना पर देवेश सिंह, सीओ हाईवे, भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस की सख्ती और सक्रियता के बाद हालात काबू में आए और जुलूस को दोबारा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाया गया। घटना के बाद मौके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस भीड़ को नियंत्रित करती नजर आ रही है। हालांकि, इस वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

> ताजिए जुलूश में नोट उडाने पर मुस्लिम व्यक्तियों द्वारा आपस में विवाद हो गया था जब पुलिस ने समझने का प्रयास किया तो उनसे भी कहा सुनी हुई शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने जरूरी बल प्रयोग कर भीड़ को वहां से हटाया और शांतिपूर्ण जुलूस को आगे बढ़ाया गया।
>
> –देवेश सिंह, सीओ हाईवे बरेली

पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है और उसमें दिखाई देने वाले लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था भंग करने, भीड़ को उकसाने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें और धार्मिक आयोजनों के दौरान आपसी सौहार्द व शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

# बिलपुर क्षेत्र में 24 घंटे में दूसरा शव मिलने से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात युवक का शव बरामद, ट्रेन से गिरने की आशंका**

**बरेली।** जनपद के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलपुर इलाके में रेलवे ट्रैक के किनारे 24 घंटे के भीतर दूसरा शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है।

शनिवार सुबह टिसुआ–बिलपुर के बीच रेलवे ट्रैक पर करीब 25 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को बिलपुर रेलवे स्टेशन के पास एक युवती का शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार सुबह लगभग नौ बजे बिलपुर स्टेशन मास्टर ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फतेहगंज पूर्वी के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

घटनास्थल टिसुआ–बिलपुर रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर संख्या 1273/25–27 पर, ग्राम बिलपुर के निकट बताया गया। पुलिस के अनुसार युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा मिला, जिसके चेहरे और कंधों पर रगड़ के निशान तथा गंभीर चोटें थीं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी। मौके पर आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से शव की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मृतक के पास से बीड़ी का बंडल, माचिस, गांजा चूरा, तंबाकू पीने की छोटी सुल्फी और कुछ सिक्के बरामद हुए।

पुलिस ने बरामद सामान को सील कर शव का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों और कस्बों में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### बहेड़ी से अंबेडकरनगर स्थानांतरित हुईं मुख्य सेविका राजकुमारी को भावभीनी विदाई

**बहेड़ी।** कार्यालय बाल विकास परियोजना बहेड़ी में मुख्य सेविका राजकुमारी के बहेड़ी से अंबेडकरनगर स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि मुख्य सेविका राजकुमारी ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए नए कार्यस्थल पर भी सफलता की कामना की। समारोह में मुख्य सेविकाएं कोशिकी शर्मा, केशलता गंगवार, स्वाती गंगवार, सुनीता गंगवार तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने राजकुमारी को स्मृति–चिह्न एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी–86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी–बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# "डॉक्टर बोले सब ठीक, रात में बिगड़ी हालत, सुबह हो गई मौत"

## प्रसव के बाद महिला की मौत पर परिजनों का फूटा गुस्सा, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बीसलपुर रोड स्थित महेशनाथ हॉस्पिटल पर एक बार फिर गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। प्रसव के बाद भर्ती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बरेली के थाना बारादरी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पीलीभीत जनपद के थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा श्रीराम निवासी सतीश वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी रुबी देवी को 24 जून को प्रसव पीड़ा होने पर महेशनाथ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों के अनुसार, दोपहर करीब ढाई बजे डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन सफल रहा है और जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। आरोप है कि इसके बाद रुबी देवी को ICU में शिफ्ट कर दिया गया और परिजनों को काफी देर तक उनसे मिलने नहीं दिया गया। शाम को जब मिलने की अनुमति मिली तो महिला की हालत गंभीर थी और अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। परिजनों का कहना है कि उन्होंने तुरंत अस्पताल स्टाफ और डॉक्टरों को इसकी जानकारी दी, लेकिन कोई प्रभावी इलाज नहीं किया गया। परिजनों के अनुसार, रात करीब 12 बजे रुबी देवी की हालत और बिगड़ गई। कई बार डॉक्टर को बुलाने की कोशिश की गई, लेकिन समय पर कोई चिकित्सक ICU में नहीं पहुंचा। इलाज में देरी और लापरवाही के चलते 25 जून की सुबह करीब 4 बजे रुबी देवी ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने नहीं आ सका था। थाना बारादरी पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यह कौन...कानून के रक्षक या नियमों के भक्षक?

## कानून के प्रति जागरूकता का दावा करने वालों पर खुद नियम तोड़ने के आरोप, सवालों के घेरे में CCRO से जुड़े लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** लोगों को कानून के प्रति जागरूक करने और अपराध नियंत्रण में सहयोग का दावा करने वाले संगठन से जुड़े कुछ लोगों की गतिविधियों पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। चर्चा है कि जो खुद को पुलिस का सहायक और समाजसेवक बताकर सामने आते हैं, वही अगर कानून को गुमराह करने लगें तो ऐसे "सहयोग" का आखिर फायदा क्या? जानकारी के मुताबिक Crime Control & Research Organization (CCRO) एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसका उद्देश्य अपराध की रोकथाम, अनुसंधान और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में काम करना बताया जाता है।




संस्था का दावा है कि वह नागरिकों को जागरूक कर समाज को अपराध-मुक्त बनाने में मदद करती है। लेकिन जब इसी पहचान की आड़ में नियमों की अनदेखी या कानून को भ्रमित करने का प्रयास किया जाए, तो कार्रवाई की मांग उठना लाजिमी है। मामला उस समय चर्चा में आया जब टीवीएस की एक गोल्डन स्कूटी की फोटो सामने आई। स्कूटी का पंजीकरण नंबर यूपी-25-डी-00 के आगे के दो अंक टेप से ढके हुए दिखाई दे रहे हैं। मोटर वाहन नियमों के अनुसार वाहन का नंबर स्पष्ट होना अनिवार्य है। नंबर प्लेट को ढकना या छिपाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है और इससे वाहन की पहचान में बाधा उत्पन्न होती है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यदि कोई संगठन या व्यक्ति कानून पालन का संदेश देता है, तो उसे खुद भी नियमों का पालन उदाहरण बनकर करना चाहिए। ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि कानून के प्रति जनता का भरोसा बना रहे और "पुलिस सहायक" होने की आड़ में नियम तोड़ने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सके।

> अगर ऐसा है तो बिलकुल गलत है आप फोटो भेज दे मैं जाँच करवाता हूँ।
>
> –अकमल खान, एसपी ट्रैफिक






**गुस्सा** लगातार कटौती और लो–वोल्टेज से त्रस्त क्षेत्रवासी, पार्षद गौरव सक्सेना के नेतृत्व में विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

# बिजली संकट पर फूटा जनाक्रोश, वार्ड 49 शास्त्री नगर में धरना प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वार्ड संख्या 49 शास्त्री नगर में लगातार बाधित बिजली आपूर्ति और समस्याओं के समाधान न होने से नाराज स्थानीय लोगों ने पार्षद गौरव सक्सेना के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। भीषण गर्मी के दौरान लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। धरना स्थल पर मौजूद पार्षद गौरव सक्सेना ने कहा कि जब तक शास्त्री नगर के निवासियों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने विद्युत विभाग से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति को सुचारू करने और तकनीकी खामियों को दूर करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, जबकि उनकी मांगें अब भी अनसुनी हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने और अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने की अपील की। धरने में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए और बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग को लेकर नारेबाजी की। अब शास्त्री नगर के लोगों की निगाहें विद्युत विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

## बरेली में ई-परिवहन को मिलेगा नया विस्तार

**बरेली।** शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। बरेली को जल्द ही 25 नई इलेक्ट्रिक बसें मिलने जा रही हैं। इसके साथ ही इन बसों के संचालन के लिए लगभग तीन एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक ई-बस स्टेशन बनाने की तैयारी भी तेज हो गई है। इस योजना के पूरा होने से न केवल शहरवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों से शहर की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।नगरीय परिवहन निदेशालय और उत्तर प्रदेश शासन के बीच 25 नई ई-बसों के संचालन को लेकर लगातार पत्राचार चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार शहर की बढ़ती आबादी और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए मौजूदा बसों की संख्या कम पड़ रही है। नई बसों के आने से यात्रियों को राहत मिलेगी और निजी वाहनों पर निर्भरता घटेगी। नई बसों के संचालन से पहले उनके लिए आधुनिक बस स्टेशन तैयार किया जाएगा। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा भूमि की तलाश की जा रही है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### स्कूलों के समय में किया जाए बदलाव

**रामपुर।** अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों का समय प्रात: 8 से अपराह्न 2 बजे तक निर्धारित है। दोपहर में तापमान 42–45 डिग्री तक पहुंचने से नन्हे–मुन्ने बच्चों में लू लगने, डिहाइड्रेशन तथा अन्य ग्रीष्मजनित रोगों का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बच्चों को विशेष कठिनाई हो रही है। अनुरोध है कि परिषदीय विद्यालयों का समय तत्काल प्रभाव से प्रात: 7 से 11 बजे तक करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने की कृपा करें।

### शंकराचार्य आज शाहबाद में

**शाहबाद।** ज्योतिष्पीठ के पूज्य पाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का आज बिसौली के रास्ते होते हुए शाहबाद में आगमन होगा। जिसको लेकर कई लोग स्वागत की तैयारी में जुट गए है। शंकराचार्य का शाहबाद आगमन पर समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के रामबहादुर सागर के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा।



# जौहर ट्रस्ट की कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट की लेंगे शरण: आसिम राजा

- जेल रोड स्थित सपा कार्यालय पर सपाइयों ने की प्रेसवार्ता

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते नगराध्यक्ष।

**रामपुर।** सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में सपा नेता आजम खां की बहन, जौहर ट्रस्ट की चेयरमैन निगहत अखलाक ने कहा कि आजम खां ने अपने पचास साल की सियासी सफर में खून-पसीना बनाकर जौहर विवि को स्थापित कराया। पिछले दौर से निकालकर लाए। गरीबों से किए गए वाद किया था कि हर हाथ में कलम होगा। उसको नाकाम करने की साजिश के तहत आजम खां जौहर, ट्रस्ट को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने रामपुर की आवाम से अपील की। आजम खां के तालीम मिशन को रोकने के लिए कोशिश की जा रही है। आवाम को सचेत रहने की जरूरत हैं।

सपा नगरध्यक्ष आसिम खां राजा ने कहा कि 17 जून को आयकर विभाग द्वारा जौहर ट्रस्ट को नोटिस दिया गया। 23 जून को 11:30 बजे जवाब के लिए कहा गया। 23 को ही जौहर ट्रस्ट द्वारा जवाब दाखिल किया गया लेकिन कुछ ही घंटों बाद आयकर विभाग द्वारा ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया गया।

समाचार पत्रों को मिल गया। कई सौ पेज का जवाब कैसे मुमकिन है कुछ ही घंटों में पढ़ लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्क्रीप्ट पहले से ही तैयार और उस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार और सिस्टम, ईडी, इनकम टैक्स सरकारी एजेंसियों के जरिए विरोधियों को खत्म करने में लगी हुई है। इनकम टैक्स द्वारा की जा रही कार्रवाई उस वक्त की गई जब जौहर विवि में रजिस्ट्रेशन और पढ़ाई जारी है यह सब आजम खां के तालीम मिशन को रोकने के साजिश है। पहले उन्हें जेल भेजा गया, जौहर विवि को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर बड़े काम चंदे से होते है, आजम खां ने भी जौहर विवि के लिए चंदा मांगकर बनाई है। विवि एक अल्पसंख्यक संस्थान है। इसमें किसी भी तरह की आंच नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश में भाजपा सरकार के बनने पर आजम खां को सांस लेना तक मौका नहीं लिया गया, ट्रस्ट द्वारा संचालित आरपीएस, जौहर विवि को बंद करने की साजिश हो रही है।

## सार संक्षेप

### आईआईए चैप्टर भी अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान कर रहा:श्रीष गुप्ता

**रामपुर।** एम एस एम ई दिवस अवसर पर आई आई ए चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने बताया कि इस समय लगभग 7 करोड़ एम एस एम इ यूनिट रजिस्टर्ड हैं। एम एस एम इ सेक्टर का देश की जी डी पी में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान है। उत्पादन के क्षेत्र में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी है, निर्यात में लगभग 47 प्रतिशत हिस्सेदारी है, पिछले 5 वर्ष में एक्सपोर्ट बढ़कर 12 लाख करोड़ हो गया है। एम एस एम इ लगभग 30 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता है। आई आई ए देश के उद्योगों को नवीन तकनीक, नवाचार वैश्विक अवसरों वेवम आधुनिक प्रबंधन प्रणाली से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। आई आई ए नीति संवाद, ईज डूइंग बिज़नेस, निवेश प्रोत्साहन, तकनीकी उन्नयन, कौशल विकास, निर्यात संवर्धन, एवं उद्योगों के हितों की पैरिवी के माध्यम से उद्योगों को लगातार सहयोग प्रदान कर रही है। आई आई ए की केंद्रीय समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल एवं सचिव दीपक बजाज के नेतृत्व में उद्योगों की सेवा में जुटी हुई है।आईआईए चैप्टर भी अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान कर रहा है। साथ ही ओडीओपी एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन किचेन की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर आईआईए के पदाधिकारी, संरक्षक एस के गुप्ता, विनय वंसल, सचिव मनोज गर्ग, मनोज गुप्ता, आदर्श अग्रवाल, गार्गी सरदाना, अजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल ने सभी को अर्पित की है।



### निबंधन , स्टाम्प मंत्री को भेजा ज्ञापन

**टांडा।** ई–रजिस्ट्री प्रणाली के खिलाफ अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टांप वेंडरों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बार एसोसिएशन एवं दस्तावेज लेखकों ने सूबे के निवन्धन एंव स्टाम मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।इससे पूर्व संयुक्त रूप से नई व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा कि बैनामा, इकरार नामा, रहन नामा आदि दस्तावेजो के राजिस्ट्रीकरण आफिस में पंजिकरण के व्यवसाय से उत्तर प्रदेश में लाखों लोग जुड़े हैं। जिसमें मुख्य रूप से दस्तावेज लेखक, तहसील स्थर पर अधिवक्ता व टाईपिस्ट व मुंशी तथा ओनलाईन कार्य करने वाले लोग रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका चला रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ई–रजिस्ट्री व्यवस्था लागु करने के लिए आदेश पारित किया गया है जो जनहित के लिए नुकसान दायक है। ई रजिस्ट्री प्रणाली के कारण अनेक प्रकार की समस्या पैदा होगीं। अकारण विवाद पैदा होने की प्रबल सम्भावना बनेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह चौहान एडवोकेट, महासचिव प्रथी सिंह सैनी एडवोकेट सहित खुर्शीद अहमद, अनूप चौहान, श्यौराज सेनी, भागीरथ, कादिर अली, कुंवर संजय सिंह, अनिल कुमार भारद्वाज, अशोक कुमार, कुंवर पाल सिंह, इमरान पाशा, राजीव चौहान, धर्मवीर सिंह, हर स्वरूप सिंह, जय प्रकाश सेनी, अनीस अहमद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सिविल लाइंस क्षेत्र की आज बंद रहेगी 4 घंटे को बिजली

**रामपुर।** उपखंड अधिकारी तकनीकी इरफान अहमद ने बताया कि 33/11 केवी सिविल लाइंस उपकेंद्र की 33 केवी लाइन पर बिजनेस प्लान 2025–26 के अंतर्गत 33 केवी ओवरहैड डबल सर्किट केबिल को स्थापित कराए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सिविल लाइंस, आवास विकास कॉलोनी, राधा सिनेमा रोड, एलआईसी चौराहा, आवास विकास कॉलोनी, राधा रोड, भमरौआ रोड, बाबा दीप सिंह नगर, रोशन बाग, बरेली रोड की आपूर्ति बाधित रहेगी।

# कोडीनयुक्त कफ सीरप मामले में फरार दो आरोपियों को पकड़ा

## 12 अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर की थी छापेमारी



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। –जागरण मोर्चा

### पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह बताया

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि फैजान मेडिकल स्टोर दढ़ियाल को 50–50 प्रतिशत पर पार्टनरशिप में चलाते हैं। कोडीनयुक्त औषधि कफ सिरप बेसकोडेस्क, कफ सीरप को बेचने का हमारे पास कोई विक्रय बिल नहीं है। हमने इन दवाओं को खुले बाजार में अवैध तरीके से गैर चिकित्सकीय प्रयोगार्थ के लिए धोखाधडी करके अनूचित लाभ कमाने के लिये अन्य स्थान पर ले जाकर अवैध तरीके से बेचा है। जिन लोगो को हमने बेचा था वह चार लोग जिला कारागार में बंद है तथा हम दोनो नें लालच में आकर इन प्रतिबन्धित दवाइयों को विक्रय किया था।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कोडीनयुक्त कफ सीरप के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर दिया है जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। दो माह पहले थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापेमारी करके भारी मात्रा में कोडीनयुक्त कफ सिरप पकड़ी थी। इस मामले में पुलिस ने मौके से दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके न्यायालय पेश कर दिया। पुलिस पूछताछ में पकडे गए दोनों आरोपियों ने दो और नाम बताए थे। जिनको पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार कोडीनयुक्त मामले की विवेचना में मोहम्मद फैजान, मोहम्मद इरफान को पकड़ कर कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने मौके पर छापेमारी के दौरान 226 शीशी डिस्को डिस्को, 2992 शीशी कोडेकटस टीआर, 144 शीशी वेरीकोफ नशे का सीरप, 35 डिब्बे कुल 8400 ट्रामाडोल कैप्सूल भी बरामद किए थे। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर दी है।

### खोये हुए बालक को परिजनों से मिलाया

**रामपुर।** थाना अजीम नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खौद कर्बला मेले के दौरान लगभग 7 वर्षीय एक बालक अपने परिजनों से बिछड़कर खो गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना अजीम नगर पुलिस ने तत्काल सक्रियता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बालक की तलाश प्रारम्भ की।थाना अजीम नगर पुलिस द्वारा मेले में तैनात पुलिस बल एवं महिला सुरक्षा दल की सहायता से लगातार अनाउंसमेंट करते हुए एवं विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की गई। त्वरित प्रयासों के फलस्वरूप बालक को सकुशल खोज लिया गया।बालक को महिला सुरक्षा दल, थाना अजीम नगर द्वारा सुरक्षित स्थान पर लाकर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं तथा उसकी माता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता एवं मानवीय व्यवहार की प्रशंसा की।

# बहुजन समाज पार्टी को मजबूत कर प्रदेश में सरकार बनाएं: गिरीश चंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

**टांडा।** क्षेत्र के गांव अब्बास नगर में डॉक्टर चंदन सिंह के निवास पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश चंद्र जाटव पूर्व सांसद नगीना ने शिरकत की।मुख्य अतिथि ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज की आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती दिशा निर्देश अनुसार गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ कमेटी गठन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

अब्बासनगर में भी कमेटी का गठन किया गया है।उन्होंने समस्त बहुजन समाज एवं एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी तथा समस्त समाज से अपील करते हुए कहा कि अपनी भूमिका निभाते हुए बहन जी को पांचवीं बार 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें और बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें तथा हम सब अपना दायित्व समझते हुए 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने में अपना सहयोग करें।इस मौके पर जिलाध्यक्ष सरजू भास्कर, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान, प्रभारी अजब सिंह सागर, जागेश्वर मोनू, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार जाटव, समाज सेवी सतीश गौतम, बख्तावर अली, विनय, राफ़ात अली, हरफूल सिंह, राजेश, वीर सिंह सैनी, डॉक्टर चंदन सिंह, चमन सिंह, मुन्नू सिंह, बलवंत सिंह, मोहम्मद फैयाज, प्रीतम सिंह, अमर सिंह, हरनाम सिंह, दानवीर, राजीव सिंह और राकेश आदि मौजूद रहे।

# हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

- पति व दो मासूम बच्चे घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मिलक।** बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर शनिवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और दो मासूम बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जनपद बरेली के थाना शाही क्षेत्र के ग्राम चकदा भगवतीपुर निवासी सलीम शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपनी पत्नी रुखसाना (30 वर्ष) तथा बच्चों अरशद (5 वर्ष) और दो वर्षीय बच्चे के साथ बाइक से संभल जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मिलक तहसील क्षेत्र के लोहा पट्टी गांव के पास बरेली-मुरादाबाद हाईवे पर पहुंची, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि रुखसाना गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि सलीम और दोनों बच्चे भी घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलक पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रुखसाना को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोठीखास बाग में मिले गोवंश के अवशेष

- मामले की जांच में जुटी सिविल लाइंस पुलिस

**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कोठीखास बाग के जंगल में गोवंश की अवशेष मिलने पर क्षेत्र में सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने जंगल का मुआयना किया। इस दौरान जंगल में लोगों की भीड़ लगी रही।

शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे कोठीखास बाग के जंगल में गोवंश के अवशेषों पर लोगों की नजर पड़ी। यह देखकर लोग दंग रह गए। आनन-फानन में सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि काफी पुराने अवशेष मिले है पुलिस मामले की जांच जुटी हुई साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# शहर में लगे लोनिवि ने हटवाए 24 जर्जर गति अवरोधक, जाम

- सड़कों पर लंबे समय से लगे हुए गति अवरोधक, हादसा होने की आशंका

जागरण मोर्चा, कार्यालय



कचहरी रोड स्थित स्पीड ब्रेकर को हटाकर

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग ने शहर के विभिन्न मार्गों पर लगे 24 जर्जर गति अवरोधकों को हटा दिया है। यह गति अवरोधक लंबे समय से जर्जर की स्थिति में थे। इनके ऊपर की परत टूट चुकी है। जिससे दुपहिया, चार पहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया था। इसी कारण विभाग ने इन्हें हटाने का निर्णय लिया है।

राजकीय रजा मुर्तजा इंटर कॉलेज, सेंट मेरीज स्कूल, ग्रीनवुड स्कूल, लवी नर्सिंग होम, फैमली चौराहे समेत अन्य स्थनों पर लगे जर्जर गति अवरोधकों को हटवाया दिया है। पुराने लगे गति अवरोधकों को ट्राली मे भरवाया। इसके बाद मौके पर बजरी, कोलतार और अन्य सामग्री डालकर सड़क को समतल कराया। इस दौरान लोगों के आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे। एक्सईएन केवी सिंह ने बताया कि शहर में शहर के 24 स्थानों पर लगे गति अवरोधक काफी जर्जर की स्थिति में थे। इनके ऊपर की परत टूट चुकी है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था। इसलिए उनको हटाया दिया गया है सड़क को समतल कराया गया है।

# जिला अस्पताल में हुई मॉकड्रिल में आग बचने के बताए उपाय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आग से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए जिला अस्पताल में शनिवार को कर्मचारियों को आग बुझाने, आपातकालीन स्थिति में खुद को व मरीजों को बचाने के लिए मॉकड्रिल कराया गया।

सुबह करीब 10:30 बजे जिला अस्पताल में हुई मॉकड्रिल के दौरान अस्पताल के कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर आग बुझाने की जानकारी दी गई। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि आग लगने की स्थिति में किस तरह मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालें। जिला अस्पताल के सभी वार्ड में अग्निशमन उपकरण लगे हैं। कर्मचारियों को इनके संचालन के लिए समय-समय प्रशिक्षित कराया जाता है, ताकि आपात स्थिति में आग पर काबू पाया जा सके।



जिला अस्पताल में मॉकड्रिल करते कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

आक्रोश — तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर हुई बैठक

# नगर पालिका बापूमाल को नहीं करा सकी चालू

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर जनता दरबार लगाया गया। जिसमें व्यापारियों की विभिन्न समस्याएं आई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा बढ़ाई गई दरों पर रोक लगा दी गई है,लेकिन उसके उपरांत में नगर पालिका परिषद द्वारा जान बूझकर बढ़ाया 50 गुना हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स पर रोक नहीं लगाई गई है।

हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना अधिक रूप से बढ़ा दिया जाना जनता के हितों के खिलाफ है जिससे आम जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है। शहर में उद्योगों का अभाव है। जिससे यहां उद्योग व व्यापार अर्थव्यवस्था से पीड़ित है। व रोजगार का अभाव है। आम जनता के लिए 50 गुना हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स जमा करना संभव नहीं है।

जनता में इस बड़े हुए टैक्स से भारी आक्रोश है। बापू माल जोकि 24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार है,लेकिन नगरपालिका बापू माल शुरू नहीं कर पा रही है नगर पालिका की बहुत ही असफलता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, प्रचार मंत्री गोपाल शर्मा, विष्णु रस्तोगी,अमित रस्तोगी, राहुल सैनी, लालमन सैनी हरिओम सैनी ,बबलू रस्तोगी, नवाब नासिर लाला, युसूफ अली आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

# बाइक बरामद करने युवक को लेकर शाहबाद पहुंची दिल्ली पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहबाद।** दिल्ली में बाइक चोरी की घटनाओं में शामिल एक युवक को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर शाहबाद लाकर उसके घर से एक चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस मामले में अन्य चोरी की बाइक की भी तलाश कर रही है।

मोहल्ला नालापार निवासी आरिफ पिछले कई वर्षों से दिल्ली में रहकर काम करता था। आरोप है कि आरिफ ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर दिल्ली में बाइक चोरी की कई वारदात को अंजाम दिया। मामले की जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार किया और शनिवार को शाहबाद लेकर पहुंची। पुलिस ने आरिफ के घर पर छापेमारी कर एक चोरी की बाइक बरामद की। बताया जा रहा है कि आरोपी के साथियों की भी तलाश की जा रही है। वहीं चोरी की बाइक को भी बरामद करने का प्रयास कर रही है।बाइक बरामद करने के बाद दिल्ली पुलिस आरोपी आरिफ को अपने साथ वापस दिल्ली ले गई। मामले में आगे की कार्रवाई दिल्ली पुलिस द्वारा की जा रही है। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस शाहबाद के युवक को लेकर चोरी की बाइक बरामद करने शाहबाद आई थी, हमने उनकी मांग पर अपने एसआई को साथ भेज दिया था।

# 30 को आएंगे मुख्यमंत्री रामपुर, करेंगे लोकार्पण

- सीएम के आगमन को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** 30 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामपुर में होंगे। वह यहां पर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास, जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुट गया है।

सीएम के आगमन को लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपद में कानून- सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, लेखपाल , ग्राम सचिव और अन्य संबंधित अधिकारी- कर्मचारी अग्रिम आदेशों तक मुख्यालयों नहीं छोड़ेंगे। यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी वर्तमान में मुख्यालय से बाहर है किसी भी प्रकार के अवकाश है तो उसका अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है उसे अविलंब मुख्यालय पर उपस्थित होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। पनवड़िया स्थित भव्य सांस्कृतिक सद्भाव मंडप का निर्माण पूरा हो गया है। इसका शुभारंभ संभवतः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। 100 करोड़ में बने इस मंडप में वैंकट हाल, गेस्ट हाउस, आर्ट गैलरी और मिनी सिनेमा जैसी सुविधाएं हैं। इसके संचालन की जिम्मेदारी रामपुर विकास प्राधिकरण को दी गई है।

### पालिका प्रशासन ने लगाई कर्मचारियों की डयूटी

सीएम के आगमन को लेकर नगर पालिका परिषद ने कर्मचारियों की डयूटी ब्लॉक जी-1, ब्लॉक जी-2 में कर्मचारियों की डयूटी लगाई है। जिसमें प्रभारी ब्लॉक जी-1 में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिलशाद हसन, उमेश बाबू अवर अभियंता, मूलचंद्र सिंह जलकल अभियंता, शमीम अहमद प्रभारी कर अधीक्षक, जबकि ब्लॉक जी-2 में प्रभारी के रूप में कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत प्रताप सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अविनाश कुमार, राजस्व निरीक्षक अभय यादव, सफाई निरीक्षक राजीव बालियान की डयूटी लगाई है।

# यंगमैन क्लब फाइनल में फव्वारा क्लब को हराकर टूर्नामेंट विजेता बना

जागरण मोर्चा कार्यालय



विजयी टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि।

**टांडा।** नगर में मंसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित खान कप फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में यंगमैन क्लब ने फव्वारा क्लब से 4-,1 के गोल के अंतर से हराकर विजेता बना।मैच के पहले हाफ से ही यंगमैन क्लब ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेंटर फॉरवर्ड उसामा ने मैच के 10 वें मिनट, और 18 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को दो गोल की बढ़त दिलाई। एक गोल उबैस प्रिंस ने किया। पहले हाफ के खेल तक यंगमैन क्लब तीन गोल से आगे था।

दूसरे हाफ में भी यंगमैन क्लब ने अच्छा खेल दिखाया और 35 वें मिनट में आमिर ने एक गोल और किया। फव्वारा क्लब के खिलाडी नफीस ने 48 वें मिनट में एक गोल किया। यंगमैन क्लब ने 4-1 से मैच जीतकर खान कप टूर्नामेंट चैंपियन बना। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार यंगमैन क्लब के 2 गोल करने वाले उसामा और टूर्नामेंट में 8 गोल करने वाले आमिर को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया।मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम द्वारा विजेता और उप विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच रेफरी राहत अली, लाइन मैन, ताहिर बफन और आसिम रहे,स्कोरिंग की भूमिका कारी रिजवान ने निभाईकमेंट्रेटर मुहम्मद सईद सागर, अब्दुल रज्जाक रहे।इस अवसर पर आयोजक रिजवान कुरेशी, सगीर गुड्डू, शहाबुद्दीन, राहत अली, जुबैर आलम, ताहिर बफन, शोएब माई जान,मोहम्मद आसिफ, महफूज मुन्ना, हाजी मुबीन, वासी खान, मोइन अली, अलकमा अमान, सभासद, मेराजुल नबी, अफसर अली, भूरा रईस, अन्सब अली, जावेद, जाहिद मेंबर, मोहम्मद रईस, दाऊद, आदि मौजूद रहे।

# भंडारा सामग्री से लदे दो ट्रक बाबा बर्फानी के धाम के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** श्री शिव गौरी सेवा मंडल ट्रस्ट मिलक द्वारा श्री अमरनाथ की यात्रा के लिए भंडारे की राशन सामग्री से लदे दो ट्रकों को शुक्रवार को पूजा-अर्चना कर हर-हर महादेव एवं बम-बम भोले के जयकारों के बीच बाबा बर्फानी के पावन धाम के लिए रवाना किए गए इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिवभक्तों एवं स्थानीय लोगों ने ट्रस्ट के सेवा कार्य की सराहना करते हुए यात्रा की सफलता एवं श्रद्धालुओं की सकुशल यात्रा की कामना की।

श्री शिव गौरी सेवा मंडल ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित कुमार जोशी ने बताया कि 3 जुलाई से 28 अगस्त तक बालटाल रोड, लाम्बर टोल प्लाजा, बनिहाल (जम्मू-कश्मीर) स्थित में अमरनाथ यात्रियों के लिए चौबीसों घंटे भंडारा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध देसी घी से तैयार भोजन, चाय-नाश्ता, गर्म जल, रात्रि विश्राम तथा आराम की उत्तम व्यवस्था की की जाएगी। जिससे यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भंडारे के लिए भेजी गई सामग्री में आटा, चावल, दाल, चीनी, चायपत्ती, शुद्ध देसी घी, खाद्य तेल, रिफाइंड, विभिन्न प्रकार के मसाले तथा अन्य आवश्यक राशन सामग्री शामिल है। इस अवसर पर श्री शिव गौरी सेवा मंडल ट्रस्ट के संस्थापकअंकित कुमार जोशी, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, उपाध्यक्ष एडवोकेट राकेश गंगवार, सचिव सुमित जोशी, सदस्य अशोक सैनी तथा सेवादार अमन, सोनू जोशी एवं शरद जोशी, विकास, कपिल, अमित कश्यप, अजय यादव सहित अनेक शिवभक्त एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म मंडल कार्यशाला हुई संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मिलक नगर मंडल प्रभारी अर्जुन रस्तोगी को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री एवं मिलक नगर मंडल प्रभारी अर्जुन रस्तोगी ने मिलक ब्लॉक परिसर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म मंडल कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

कार्यशाला में अर्जुन रस्तोगी ने मंडल के पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा विभिन्न अभियानों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से प्राप्त होगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार आज भी संगठन की प्रेरणा हैं तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।कार्यशाला में विजयपाल राजपूत, दुर्गेश गंगवार, राजीव गंगवार, प्रदीप कुमार, आदेश सक्सेना, सोमपाल राठौर, सैया सक्सेना, दिनेश पांडेय, देवेंद्र सिंह राजपाल एवं मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के उपयोग एवं प्रशिक्षण से जोड़कर संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# मोहर्रम का महीना इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु की कुर्बानी, संदेश की याद दिलाता है

- खतीबे आज़म मस्जिद में 107 वां वार्षिक शहादत-ए-इमाम हुसैन कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा, कार्यालय



मस्जिद खतीबे आजम जलसे को खिताब करते मआसिरुल्लाह खां वजीही।

**रामपुर।** अंगूरी बाग स्थित मस्जिद खतीबे आजम में 10 मोहर्रम के अवसर पर 107 वां वार्षिक ज़िक्र-ए-शहादत कार्यक्रम अकीदत और एहतराम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कारी अब्दुल करीम खां फुरकानी, कारी मोहम्मद आजम फुरकानी, कारी मोहम्मद मामून फुरकानी की पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ। इसके बाद मुकर्रम नियाज़ी ने नात-ए-पाक प्रस्तुत की। मौलवी मुशाहिद फुरकानी, मुकर्रम नियाज़ी ने हज़रत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु की शान में मनकबत पेश कर भाव-विभोर कर दिया। मौलवी मोहम्मद मआसिरुल्लाह खां वजीही ने संबोधन में कहा कि शहीद की मृत्यु वास्तव में मृत्यु नहीं, बल्कि अपने रब से मिलने का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यौमे आशूरा ने जहां अनेक नबियों को अल्लाह की विशेष नेमतें प्रदान कीं। इसके बाद मुफ्ती मोहम्मद मारिफुल्लाह खां वजीही ने कहा कि मोहर्रम का महीना हमें हजरत इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु अन्हु की कुर्बानी और उनके संदेश की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि जो लोग दीन पर डटे रहते हैं, उन्हें अल्लाह कामयाबी और सम्मान प्रदान करता है। अंत में सलातो-सलाम के बाद देश, समाज, उम्मत-ए-मुस्लिम और विश्व में शांति, सद्भाव एवं खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई।

# आज से होगा पल्स पोलियो अभियान का होगा आगाज

- 3.74 हजार 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जनपद में रविवार से पल्स पोलियो अभियान का आगाज होगा। इसके अंतर्गत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसको तैयारियों एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.केके चहल ने बताया कि जनपद में 28 जून यानि आज से अभियान शुरू हो रहा है इसमें 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पल्स पोलियो पिलाई जाएगी। अति संवेदनशील एरिया जैसे झुग्गी झोपडी, भट्ट, निर्माणाधीन भवनों इत्यादि पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिये मोबाइल टीम लगाई गई है और बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पोलियो रोधी दवाई पिलाने के लिए टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर पोलियो पिलाई जाएगी। अभियान का आगाज आज से हो रहा है।





# अधिकारियों ने किया जेल का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को जिला न्यायधीश,जिलाधिकारी,एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया।इस दौरान कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली तथा अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।साथ ही कारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, भोजन, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महोत्सव मेला | नगर पालिका परिषद् में पीएम स्वनिधि महोत्सव मेला का किया गया आयोजन

# पीएम स्वनिधि महोत्सव में सम्मानित हुए पथ विक्रेता

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में पुरस्कार देते ईओ। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारत सरकार-सूडा उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार पीएम स्वनिधि योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर पीएम स्वनिधि महोत्सव के आयोजन के निर्देश प्रदान किए गए। जिसके क्रम शनिवार को नगर पालिका परिषद् में पीएम स्वनिधि महोत्सव मेला का आयोजन किया गया। जिसमें ऋण प्राप्त पथ विक्रेताओं को अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मेले में बैकों के प्रतिनिधियों द्वारा ऋण वितरण किए गए। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन ऋण आवदेन एवं क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा अवगत कराया कि पीएम स्वनिधि योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के बाद 1 जून से 30 जून तक सभी निकायों में लोक कल्याण मेले का आयोजन कर प्रथम ऋण ऑनलाइन आवेदन, ऋण वितरण, वेंडर प्रोफाइलिंग स्कीम लिंकेज का कार्य नगर निकायों द्वारा किया जा रहा है और ऐसे पथ विक्रेता जिन्होंने अपने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऋण समय से चुकता किए हैं, जो डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया को अपना रहें हैं। उन्हें सम्मानित किया गया है।

बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण वितरण करने की अपील की गई। पीएम स्वनिधि महोत्सव में परियोजना अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी द्वारा बैंक प्रबंधक शहर मिशन प्रबंधक मोहम्मद यासीन खान, पंकज कुमार सामुदायिक आयोजक फातिमा, अन्जूम एवं समूह के सक्रिय सदस्य तथा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, सीबीएसई, सीआईएसई, केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम आयु के पात्र छात्र-छात्राओं से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। बताया कि इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियों में 31 जुलाई तक भारत सरकार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के सभी प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाचार्याओं से अपील की है कि वे अपने-अपने विद्यालयों के पात्र छात्र-छात्राओं को पुरस्कार योजना की जानकारी उपलब्ध कराते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका ऑनलाइन आवेदन कराना तय करें, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान के लिए नामांकित हो सकें



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता हसीब अहमद

### जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल: हसीब

**रामपुर।** भाकियू कार्यकर्ताओं ने बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाया। जिसमें आरोप लगाया कि जिला अस्पताल में भी मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती जा रही है ।प्रदेश कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। कहीं डॉक्टर तो कही दवा नहीं है। जिला अस्पताल की स्थिति और भी खराब है । क्योंकि यहां चिकित्सक समय पर नहीं आते हैं ।मरीजों के प्रति रवैया भी ठीक नहीं है। चिकित्सक अधिकतर दवाएं बाहर की लिखते हैं, चेतावनी दी कि अगर शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन करेंगे। पंचायत में दरबारी लाल शर्मा,मोहम्मद तालिब, विशेष पांडेय , राजवीर सिंह , रईस अहमद , राजा राम , बाल किशोर पांडेय, मुस्तकीम, रविन्द्र जाट , बलबीर सिंह , रामोतर , चौधरी राजपाल , राम बहादुर भी मौजूद रहे।

### एसडीएम और सीओ ने सुनीं लोगों की फरियादें

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने लोगो की जनसमस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए। थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस में दो शिकायती पत्र आए जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायत को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया। एसडीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि लोगों की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, एसएसआई रामचंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां आदि रहे।

### 'गर्मी के चलते स्कूलों के समय में हो बदलाव'

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि बेसिक शिक्षा के नियंत्रणाधीन परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का भीषण गर्मी के चलते, विद्यालय भवन में बैठना अत्यंत कठिन हो रहा है ।भीषण गर्मी के चलते विदयुत आपूर्ति भी बाधित रहती है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जिलों को भेजे निर्देश में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लू के प्रकोप से बचाव एवं राहत के उपाय करने के संबंध में राहत आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के आधार पर गर्मी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसमें ही स्कूलों के समय में परिवर्तन करने के भी निर्देश हैं। ऐसे में आपसे निवेदन है कि छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको के लिए विद्यालय समय मे परिवर्तन करने की कृपा करें। संगठन इस के अपेक्षा करता है कि यह समय परिवर्तन प्रात: 7 .30 बजे से अपराह्न 12 .30 बजे किया जाना उचित रहेगा। अन्य जनपद जैंसे कुशीनगर, गोण्डा, बलिया, जौनपुर, रायबरेली, वाराणसी आदि में समय परिवर्तन हो चुका है।

### 241 वां उर्स मुबारक आज से शुरू

**रामपुर।** हजरत शाह बगदादी साहब का 241 वां सालाना उर्से मुबारक का आगाज 28 जून से हो रहा है जोकि 30 तक आयोजित रहेगा। असर की नमाज के बाद मौलवीर मुतशियाक अहमद उस्ताद मदरसा गुलशन ए बगदाद ,29 को काजी ए शरआ सैयद फैजान मियां, इशा की नमाज के बाद जश्न दस्तार फजीलत, 30 को उर्स के आखिरी दिन चादरपोशी, असर की नमाज के बाद काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां खिताब फरमाएंगे।





धरना देने जाते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

### ऑनलाइन मॉडल फ्रेंचाइजी योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

**मिलक।** बार एसोसिएशन मिलक में ऑनलाइन मॉडल फ्रेंचाइजी योजना के खिलाफ वकीलों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। हड़ताल में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व अधिवक्ताओं, कातिब, स्टांप वेंडर ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार की अध्यक्षता में बार सभागार में एक बैठक हुई ।जिसमें सर्व सहमति से निर्णय लिया कि 30 जून तक सभी अधिवक्ता कलम बंद हड़ताल जारी रखेंगे। जिले की सभी बार एसोसिएशन से हड़ताल जारी रखने का अनुरोध किया है ।सभा का संचालन महासचिव रमेश चंद्र ने किया ।इस अवसर पर, देवेंद्र गंगवार, देशवीर सिंह गंगवार, कमलाकांत पांडे, विपिन तिवारी,अरविंद पांडे, हर्षवर्धन, हरीश गंगवार, त्रिलोक चंद, राकेश सक्सेना, नवनीत कुमार यदुवंशी, प्रदीप कुमार सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद गंगवार, राजेंद्र प्रसाद यादव, घनश्याम सागर, राजपाल सिंह, रईस अहमद, अनुज पांडे, शेखर रुहेला , विवेक गंगवार, रविंद्र कुमार, सुरेश गंगवार, मोहम्मद अजहर खान, वीरपाल, राम अवतार, प्रवेश गंगवार सहित समस्त टीम शामिल रही ।अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक ऑनलाइन मॉडल फ्रेंचाइजी योजना वापस नहीं ली जाती, हड़ताल जारी रहेगी।

# कुछ देर की बारिश में डूबा काली मंदिर रोड

## जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्तवर्षों पुरानी समस्या बनी मुसीबत, दुकानों में घुसा पानी

- पालिका अध्यक्ष बोले: निर्माणाधीन नाला पूरा होते ही मिलेगी स्थायी राहत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** नगर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्ग काली मंदिर रोड पर शनिवार को हुई कुछ देर की बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। अल्प समय की बारिश के बाद ही सड़क पर भारी जलभराव हो गया, जिससे पूरा मार्ग तालाब जैसा नजर आने लगा।

सड़क पर पानी भर जाने से दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गुजरते वाहनों के पहियों से उछलता पानी आसपास की दुकानों तक पहुंच गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान की आशंका बनी रही।स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि काली मंदिर रोड पर हल्की बारिश भी जलभराव की वजह बन जाती है। सड़क पर पानी भरने से ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई बार लोगों को दुकानों तक पहुंचने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वाहन गुजरने पर पानी दुकानों के अंदर तक पहुंच गया, जिससे सामान खराब होने का खतरा बना रहता है। उनका कहना है कि यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है।


बरसात के बाद सड़क पर भरा पानी। -जागरण मोर्चा


सड़क पर भरे पानी से गुजरते लोग। -जागरण मोर्चा

हर बरसात में काली मंदिर रोड तालाब का रूप ले लेता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक सड़क पर जमा रहता है। इस कारण वहां से गुजरने के लिए गंदे पानी के बीच से होकर जाना पड़ता है, जबकि दोपहिया वाहन चालक फिसलन और सड़क पर बने गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका के बीच सफर करने को मजबूर रहते हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं को उठानी पड़ती है।वर्षों से इस समस्या को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है, लेकिन हर बारिश में हालात जस के तस बने रहते हैं। लगातार जलभराव से स्थानीय लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

बहजोई नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेश शंकर 'राजू' ने बताया कि काली मंदिर रोड पर नाले का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद जल निकासी व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा और वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान मिल जाएगा। पालिका प्रशासन का प्रयास है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा कराकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

# जनपद में कोई भी वाहन अवैध अथवा अनियमित रूप से संचालित न होने पाए

- निर्माणाधीन उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का निरीक्षण कर उप परिवहन आयुक्त ने चलाया चेकिंग अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** जनपद के किसौली ग्राम स्थित निर्माणाधीन उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का शनिवार को उप परिवहन आयुक्त, परिक्षेत्र बरेली ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर भवन को उपयोग के लिए तैयार करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। इसके साथ उन्होंने चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों का चालान कर कुछ वाहनों को बंद किया।निरीक्षण के दौरान उप परिवहन आयुक्त ने बताया कि शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए शेष धनराशि भी जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने निर्धारित समय में सभी कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।


परिवहन कार्यालय भवन का निरीक्षण करते उप परिवहन आयुक्त -जागरण मोर्चा

इसके बाद उप परिवहन आयुक्त ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अमिताभ चतुर्वेदी, यात्री एवं मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव तथा यातायात पुलिस के साथ जनपद के विभिन्न मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 102 से अधिक वाहनों के चालान किए गए, जबकि पांच वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई।उप परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कोई भी वाहन अवैध अथवा अनियमित रूप से संचालित न होने पाए। साथ ही ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाए।

इसी क्रम में उप संभागीय परिवहन कार्यालय में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी एवं उप संभागीय परिवहन अधिकारी के सहयोग से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 से अधिक महिलाओं को शिक्षार्थी (लर्निंग) ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। उपस्थित महिलाओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। लाइसेंस प्राप्त करने के बाद महिलाओं में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप ससुर और तीन देवरों पर मुकदमा दर्ज

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति, ससुर और तीन देवरों के खिलाफ सामूहिक प्रताड़ना, नाबालिग बेटी से दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट और हत्या के प्रयास जैसी बेहद संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

हयातनगर थाना क्षेत्र निवासी 32 वर्षीय पीड़िता ने बनियाठेर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके ससुराल पक्ष के लोग लगातार उसे और उसकी नाबालिग बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि उसके देवर फैजान की नजर उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री पर काफी समय से खराब थी और वह उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। जब पीड़िता ने इस बात का विरोध करते हुए ससुराल वालों से शिकायत की, तो आरोपियों ने उन दोनों को घर से निकाल दिया। करीब ढाई महीने पहले आरोपी देवर फैजान पीड़िता की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर जनैटा ले गया। वहां उसने जबरन एक कमरे में ले जाकर तमंचे के बल पर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जब पीड़िता की बेटी ने शोर मचाने का प्रयास किया, तो आरोपी ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देकर कमरे में बंधक बनाए रखा। यही नहीं, पीड़िता का आरोप है कि उसका पति मोहम्मद फहीम भी इस कृत्य में शामिल रहा और उसने नाबालिग बेटी पर जान से मारने का दबाव बनाया। विरोध करने पर पीड़िता, उसके बहनोई और उनके पुत्र को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दी गईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नई बस्ती जनैटा निवासी महिला के पति मुहम्मद फहीम, ससुर मुन्नन के साथ देवर परवेज, मतीन, फैजान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील और नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पूरी गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

- दो युवक गंभीर रूप से घायल
- सीएचसी बहजोई में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सम्भल रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान निखिल (26 वर्ष) पुत्र अवधेश तथा निशांत वर्मा (24 वर्ष) पुत्र सुनील वर्मा, दोनों निवासी गवानी, बरेली के रूप में हुई है।बताया गया कि सुबह करीब 6 बजे हादसा हुआ। हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल सम्भल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग और पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। समय रहते एंबुलेंस सेवा के मौके पर पहुंचने से घायलों को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकी, जिससे उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण मदद मिली।

## मौलाना साजिद रशीदी के विवादित बयान के खिलाफ एसपी से शिकायत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** सोशल मीडिया पर सनातन धर्म और हिंदू समाज के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ और विवादित बयान देने के मामले में आल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस संबंध में जनपद संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय बहजोई में एक शिकायती पत्र सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है

बहजोई के नया बाजार (ऊपर कोट, काली मंदिर रोड) निवासी सिमरन गुप्ता ने पत्र में कहा कि वह दिल्ली रहता है और 20 जून को कुछ दिनों के लिए अपने घर बहजोई आए हुए थे। इसी दौरान 21 जून 2026 की रात करीब 8:30 बजे उन्होंने सोशल मीडिया पर ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी का एक अत्यंत विवादित बयान देखा।मौलाना ने अपने बयान में सनातनी हिंदुओं को टारगेट करते हुए बेहद आपत्तिजनक बातें कहीं। आरोप है कि उन्होंने बयान में कहा, "मुसलमानों से तभी हिंदू डरेगा जब तक दो-चार, दस, बीस हिंदू मरेगा कलमे के नाम पर... और न मानने पर मारे जाने की बात कही। इसके साथ ही हिंदुओं के लिए नफरती चींटू जैसे अपशब्दों का प्रयोग भी किया गया।

मौलाना द्वारा आए दिन सनातन धर्म को टारगेट करना और इस तरह के नफरती बयान देना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। ऐसे बयानों से देश के करोड़ों सनातनी हिंदू परिवारों का घोर अपमान हुआ है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।उनकी पुलिस प्रशासन से मांग की है कि देश और समाज में नफरत व जहर घोलने वाले ऐसे तत्वों के खिलाफ तुरंत संज्ञान लेकर उचित धाराओं में मामला दर्ज किया जाए और कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल की सजा

- 58 हजार रुपये का जुर्माना, छह साल बाद आया फैसला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल के थाना हयातनगर में वर्ष 2020 में दर्ज नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के चर्चित मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 58 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस के अनुसार, 27 अगस्त 2020 को थाना हयातनगर में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया। शिकायत में यह भी आरोप था कि घर से जाते समय किशोरी अपने साथ जेवर और नकदी भी ले गई तथा विरोध करने पर आरोपी पक्ष ने जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना हयातनगर में भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376, 506 तथा पाक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया और अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पैरवी की। सुनवाई पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय, सम्भल (चन्दौसी) के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने आरोपी पंकज पुत्र महेन्द्र, निवासी मोहल्ला अंबेडकर गेट थाना हयातनगर, जनपद सम्भल को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 58 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।



शुभारंभ

हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति ने बताया न्याय

# 24 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रोक की याचिका निस्तारित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** 24 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रोक लगाने संबंधी याचिका को हाईकोर्ट द्वारा निस्तारित किए जाने का 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति ने स्वागत करते हुए इसे न्याय, जनहित और धार्मिक आस्था की विजय बताया है। शनिवार को समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने नगर के परशुराम चौक पर एकत्र हुए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संभल प्राचीन काल से एक पावन तीर्थ नगरी के रूप में विख्यात है, जहां 68 तीर्थ और 19 पवित्र कूप स्थित हैं। 24 कोस की परिक्रमा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार देवासुर संग्राम के समय महर्षि दधीचि ने इस परिक्रमा का शुभारंभ किया था, जिसके बाद से यह परंपरा निरंतर जारी है।वर्षों से परिक्रमा मार्ग कच्चा होने के साथ-साथ कई स्थानों पर अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी, जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। तीर्थ परंपरा के संरक्षण और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत से परिक्रमा मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। वर्तमान में इस परियोजना के अंतर्गत सर्वे, भूमि अधिग्रहण और निर्माण संबंधी प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं।


24 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रोक की याचिका निस्तारित होने पर मिठाई बांटते।

परियोजना को रोकने के उद्देश्य से कुछ लोगों ने निजी हितों के आधार पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायालय ने मामले में व्यापक जनहित, धार्मिक महत्व और उपलब्ध तथ्यों पर विचार करते हुए परियोजना पर रोक लगाने से इंकार कर याचिका का निस्तारण कर दिया।न्यायालय का यह निर्णय न केवल 24 कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण का रास्ता साफ करेगा, बल्कि संभल की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी नई मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि परियोजना पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।इस दौरान राज कुमार शर्मा, जसपाल सिंह, मुकेश शर्मा, संजीव शुक्ला, गंगासरण शर्मा, सौरभ गुप्ता, अनंत अग्रवाल, शंकर लाल, विनोद अग्रवाल, प्रभाकर शुक्ला, राम किशन ठकराल आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सचिव बनने पर राजेश कुमारी का स्वागत

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राजेश कुमारी यादव को महिला सभा का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। इससे सपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। शनिवार को कार्यकर्ताओं ने राजेश कुमारी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पूर्ण ईमानदारी से अपने पद का निर्वहन करेंगी। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह आगामी विधानसभा 2027 चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं। आने वाला समय समाजवादियों का होगा। प्रदेश की जनता समझ चुकी है कि भाजपा सरकार हिंदू और मुस्लिमों को बांटने की राजनीति करती है न कि विकास की। कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों के बीच पार्टी की नीतियों को लेकर जाएं। इस दौरान उमेश चंद्र दिवाकर, सुमित यादव, रत्नेश भारती, प्रदीप यादव, दुर्गेश दिवाकर, नन्हे खां, शारदा यादव, दुर्गेश दिवाकर, तुषार समाथल, अभिनंदन आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप


मोहर्रम जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी और एसपी।

### जिलाधिकारी और एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**सम्भल।** मोहर्रम के अवसर पर जनपद सम्भल में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कस्बा सम्भल में निकाले जा रहे ताज़िया जुलूस के दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधिक्षक कृष्ण कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने जुलूस मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस बल की तैनाती का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों तथा संबंधित विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधिक्षक कृष्ण कुमार ने स्पष्ट कहा कि मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की सूचना, अफवाह या अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी बनाए रखने और अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जाए।

### ई-रजिस्ट्री के खिलाफ अधिवक्ताओं का संघर्ष तेज

**चन्दौसी।** प्रदेश सरकार की प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं, स्टाम्प वेंडरों, दस्तावेज लेखकों, मुंशियों तथा अन्य कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को छठे दिन भी लगातार जारी रहा। धरनास्थल पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार के फैसले के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था वर्तमान स्वरूप में लागू होने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ स्टाम्प वेंडरों, दस्तावेज लेखकों, मुंशियों, टाइपिस्टों और अन्य सहयोगी कर्मचारियों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। धरने के दौरान अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों ने अपने अधिकारों और रोजगार की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प दोहराया। प्रदर्शन में सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी साफ दिखाई दी।धरने की अध्यक्षता धर्मवीर सिंह यादव ने, जबकि संचालन दिलीप यादव ने किया। इस दौरान नरेश एडवोकेट, पिंटू शर्मा, अंकित शर्मा, रूपेश सक्सेना, रामवीर सिंह, शीशपाल, छत्रपाल यादव ,शकीर, निर्देश कुमार, सुबोध यादव, पूरन सिंह, कांजी लाल, रामगोपाल सैनी, चोखेलाल सागर, सियाराम मौर्य, केपी. यादव स्टाम्प वेंडर सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


तहसील में उपनिबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ का पैर कटा

**बहजोई।** शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर हुए एक दर्दनाक हादसे में एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जनपद अयोध्या के थाना भिकापुर क्षेत्र के गांव सिकोरा निवासी 50 वर्षीय परशुराम का रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे में उनका एक पैर कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों से घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई और घायल अवस्था में परशुराम को सीएचसी बहजोई लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए उनको जिला अस्पताल सम्भल के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका है। संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटा हुआ है।

### वंदे मातरम केवल एक गीत ही नहीं, बल्कि आजादी की संपूर्ण गाथा: माधव

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में अंग्रेजों के विरोध में लिखने वाले भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के रचयिता, बांग्ला साहित्य के कवि, उपन्यासकार, गद्यकार, पत्रकार बंकिमचंद्र चटर्जी की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हास्पिटल में समारोह पूर्वक मनाई गई। सभी ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर रोली चावल से तिलक कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत की आजादी एक बहुत लंबे स्वाधीनता आंदोलन की देन है , इसमें तत्कालीन राजनेताओं, राजाओं, महाराजाओं, देशभक्तों, क्रान्तिकारियों का ही नहीं बल्कि साहित्यकारों, कवियों, वकीलों, और विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों का भी विशेष योगदान रहा। 1874 से लगातार आज भी करोड़ो युवा दिलों में धड़कन बन कर धड़क रहा है। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि बंकिमचंद्र चटर्जी पढ़ाई के बाद डिप्टी मजिस्ट्रेट बने। इस दौरान डा. अरविन्द कुमार गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, डा. निशा गुप्ता, डा. नितिन कौशिक, पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा, पंकज अग्रवाल,विकास यादव, शिव कुमार यादव, आशीष कुमार, श्री अबधेश यादव, योगेश यादव,अश्विनी शर्मा, शोभा यादव, ज्योति, मधु कुमारी, रूबी देवी, संजना कुमारी ने विचार व्यक्त किए।



### रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय में यात्री का शव मिला

**चन्दौसी। शनिवार** दोपहर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित प्रतीक्षालय में एक यात्री का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शनिवार की दोपहर को स्टेशन पर गश्त के दौरान जीआरपी को प्रतीक्षालय में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। यात्री का शव मिलने की जानकारी के बाद प्रतिक्षालय पर लोगों की भीड़ लग गई, लेकिन कोई भी उसकी पहचान नहीं कर सका। जीआरपी पुलिस ने तत्काल उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।जीआरपी के कार्यवाहक प्रभारी सूरजपाल गंगवार ने बताया कि मृतक की पहचान गंगा सिंह पुत्र रामदयाल (उम्र 58 वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पास से पैन कार्ड और कुछ कपड़े बरामद हुए हैं, जिसके आधार पर पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच में यात्री अचेत अवस्था में मिला था, मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।



# "अब तू मेरे किसी काम की नहीं रही..." कैंसर पीड़िता पत्नी से पति की कथित टिप्पणी

- दहेज उत्पीड़न व अप्राकृतिक यौनाचार समेत सात पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। उमेश लव, मुरादाबाद। महिला थाना मुरादाबाद में सायमा पत्नी सलीम अहमद की तहरीर पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना तथा अप्राकृतिक यौनाचार समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, सायमा का निकाह 26 फरवरी 2021 को कांठ क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी सलीम अहमद पुत्र वकील अहमद से हुआ था। आरोप है कि निकाह में पर्याप्त दहेज दिए जाने के बावजूद पति और ससुराल पक्ष स्कॉर्पियो कार तथा पांच लाख रुपये नकद की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना की जाती रही।

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि पति सलीम अहमद, ससुर वकील अहमद, जेठ नदीम अहमद, देवर फहीम अहमद, चचिया ससुर शकील अहमद, ननद तबस्सुम तथा ननदोई महबूब अली ने मिलकर विवाहिता को प्रताड़ित किया।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जेठ नदीम अहमद शराब पीकर घर आता था और विवाहिता के साथ अश्लील हरकतें करता था। विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्य भी उसका साथ नहीं देते थे।

एफआईआर के अनुसार, गर्भवती होने पर विवाहिता पर गर्भ गिराने का दबाव बनाया गया। इनकार करने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। बाद में उसने एक पुत्र को जन्म दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गर्भावस्था के दौरान उसकी बाईं छाती में गांठ हो गई थी। ससुराल पक्ष ने इलाज कराने के बजाय झाड़-फूंक कराने की बात कही। बाद में मायके वालों ने महाराष्ट्र में इलाज कराया, जहां जांच में कैंसर की पुष्टि हुई और ऑपरेशन कर बाईं छाती निकालनी पड़ी। एफआईआर के अनुसार, ऑपरेशन के बाद पति सलीम अहमद ने कथित रूप से कहा, "अब तू मेरे किसी काम की नहीं रही, क्योंकि तेरी एक ब्रेस्ट नहीं है, मैं तुझे नहीं रखूंगा।" शिकायत में यह भी कहा गया है कि इलाज पर मायके पक्ष के करीब 10 लाख रुपये खर्च हुए, जबकि ससुराल पक्ष ने कोई सहयोग नहीं किया।

विवाहिता ने यह भी आरोप लगाया है कि पति उसकी इच्छा के विरुद्ध अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता था। विरोध करने पर मारपीट करता था। 30 मई 2026 को कथित रूप से मारपीट कर उसे छोटे बच्चे सहित घर से बाहर निकाल दिया गया।

एफआईआर में यह भी उल्लेख है कि कांठ थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर महिला थाना मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 74, 85, 115(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# 1.10 करोड़ खर्च के बाद भी नहीं भरी लालच की झोली

## 50 लाख नकद और टीडीआई सिटी में मकान की मांग, महिला ने दर्ज कराई एफआईआर

- दो बेटियों के जन्म के बाद बढ़ा उत्पीड़न का आरोप, अकीके में भी खर्च कराए लाखों रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** गलशहीद थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2018 में शाही अंदाज में हुए निकाह और करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये खर्च किए जाने के बावजूद ससुराल पक्ष की मांगें खत्म नहीं हुईं। आरोप है कि निकाह के बाद से ही उसे कम दहेज लाने के ताने दिए जाने लगे और बाद में 50 लाख रुपये नकद तथा TDI सिटी में मकान दिलाने का दबाव बनाया गया।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत कई लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, गालशहीद क्षेत्र निवासी महिला का निकाह 31 अगस्त 2018 को मुस्लिम रीति-रिवाज से मझोला क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। महिला का आरोप है कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार निकाह में करीब 1.10 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

इसके बावजूद पति, सास, ससुर, ननद और अन्य रिश्तेदारों ने उसे कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया है कि विवाह के बाद उसने दो बेटियों को जन्म दिया, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। लगातार उस पर अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाया जाता रहा। तहरीर में कहा गया है कि परिवार के लोग उससे 50 लाख रुपये नकद और TDI सिटी में मकान दिलाने की मांग करते थे।

महिला का आरोप है कि मार्च 2026 में पति समेत कई रिश्तेदार उसके मायके पहुंचे और वहां भी गाली-गलौज तथा मारपीट की। आरोप है कि परिवार के सामने उसके साथ हाथापाई की गई और दहेज की मांग पूरी न होने तक साथ न रखने की बात कही गई।

गलशहीद थाने में दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 85, 115(2), 351(2), 352 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 लगाई गई हैं। पुलिस ने मामले की जांच उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंप दी है।

### अकीके में भी खर्च कराए लाखों रुपये

महिला का कहना है कि बेटी के अकीके में भी उसके मायके पक्ष से लाखों रुपये खर्च कराए गए। इसके बावजूद दहेज की मांगें समाप्त नहीं हुईं और मानसिक तथा शारीरिक प्रताड़ना जारी रही। सितंबर 2025 में ससुराल पक्ष के कई लोग उसके कमरे में पहुंचे और कथित रूप से 50 लाख रुपये तथा मकान की मांग दोहराई। विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता और धमकी दी गई तथा बाद में उसे दोनों बेटियों सहित घर से निकाल दिया गया। इसके बाद महिला अपने पिता के घर रहने लगी।

# थाना समाधान दिवस में सात शिकायतें हुईं दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद नायब तहसीलदार एवं कोतवाल के द्वारा सुनी गई, थाना समाधान दिवस सात शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम रवाना कर दी गई।

शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग से जुड़ी हुई सात शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से अधिकारियों द्वारा मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची पांच शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# 28 से 23 हजार बच्चों को घर-घर जाकर भी पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** दो वर्ष के बाद एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग पोलियों को लेकर अलर्ट हो गया है और आज रविवार से बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का कार्य शुरु किया जा रहा है। रविवार को शहर में बूथ लगाकर बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। इसके साथ बूथ पर दवा पीने से छूटने वाले बच्चों को पोलियों टीमें 29 और 30 जून को घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी। इस अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 23 हजार बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के लिए जिलेभर में 63 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। कुल 189 टीमों को तैनात किया गया है। अभियान का उद्देश्य प्रवासी और संवेदनशील क्षेत्रों के बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। इससे कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहेगा।रोडवेज प्राइवेट बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थल पर इन छोटे बच्चों को भी पोलियो रोधी खुराक दी जाएगी। विभागों की भूमिकाप्रशासन ने शिक्षा विभाग को विद्यालयों के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। जिन स्कूलों में पोलियो बूथ बनाए गए हैं, उन्हें 28 जून को खुला रखा जाएगा। कोल्ड चैन हैंडलर विशाल मोहन ने कहा कि वे 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाएं। अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो रोधी खुराक अवश्य पिलानी चाहिए। यह जीवनरक्षक टीका बच्चों को पोलियो से बचाने में मदद करेगा। इससे जिले का कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण अभियान से वंचित नहीं रहेगा। 28 को बूथ पर अगर कोई बच्चा दवा पीने से वंच्छित रह जाता है तो उसको 29 व 30 को और अगर इसके बाद भी कोई बच्चा रहता तो उसको टीमें 8 जून को घर-घर जाकर दवा पिलाएंगी।



पोलियो को लेकर तैयारी करतें कर्मचारी।

# डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारात चढ़त के दौरान मारपीट

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में डीजे पर गाना बजाने को लेकर घराती व बारातियों में जमकर मारपीट हो गई।कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी सोमपाल की बेटी की बारात गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सीता जगदेपुर से आई थी। शुक्रवार की दशम बारात चढत के दौरान डीजे बज रहा था इस दौरान डीजे पर बज रहे गाने को बदलने के लिए एक बाराती ने डीजे संचालक से गाना बदलने को कहा तो इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहा सुनी के दौरान घराती व बरातियों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान बारात में हंगामा हो गया काफी देर तक बारात खड़ी रही लेकिन गांव के कुछ संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा दोनों पक्षों को समझा बूझाकर मामला शांत किया।



# मामी के अंतिम संस्कार में पहुंचे देशराज सिंह गंगा में डूबे तलाश जारी

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव खादगुर्जर निवासी देशराज की मामी का शनिवार को निधन हो गया। दोपहर करीब दो बजे परिजन और रिश्तेदार तिगरी में अंतिम संस्कार करने लाए। इसके बाद देशराज व अन्य सभी लोग गंगा में नहाने लगे। इस बीच अचानक देशराज का पैर गहरे जल में चला गया। वह गंगा में डूबने लगे। उनको डूबता देख किनारे खड़े कुछ लोगों ने शोर मचा दिया। इस बीच उनको बचाने के लिए कई लोग गंगा में कूद पड़े, लेकिन तब तक गहरे जल में अंदर समा गए थे। गोताखोर बुला लिए। उन्होंने भी काफी प्रयास किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। सीओ का कहना है कि देशराज की तलाश जारी है।



# पंचर के पैसे मांगने पर युवक पर धारदार हथियार से हमला

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के गांव में पंचर के पैसे मांगने पर युवक की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया घायल हालत में पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के रुखालू गांव निवासी गौरव पुत्र कलुआ गांव में टायर पंचर की दुकान करता है। शुक्रवार की देर रात गौरव गांव के ही एक युवक बाइक में पंचर लगाने के बाद पैसे मांगने लगा आरोप है कि पैसे मांगने को लेकर दोनों में कहा सुनी हो गई ।



आरोपी दबंग ने गौरव के सिर में धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। और आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल हालत में गौरव परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को नगर के सीएचसी भेज दिया ।जहां उसका उपचार किया गया ।कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है ।आरोपी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# निर्जला एकादशी को किया मैंगो शेक का वितरण

**ठाकुरद्वारा।** गुरुवार को निर्जला एकादशी के बाद शुक्रवार-शनिवार को भी श्रीराम दुर्गा मंदिर एवं सनातन धर्म हिंदी इंटर कॉलेज परिसर में श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए मैंगो शेक व शीतल शरबत का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद स्वरूप मैंगो शेक ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजकों ने एकादशी माता की पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि समाज में सेवा एवं परोपकार की भावना बनी रहे।" कार्यक्रम में नरेश कुमार कश्यप, विपिन जिंदल, तुषार पांडेय, अभिषेक ओझा, धर्मेंद्र सिंह, मदन लाल कश्यप, संजीव चौहान उर्फ टिश्यू, रोहीताश प्रजापति, मोहित, सुमित सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

आक्रोश — अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है

# बार एसोसिएशन ने अमरोहा चौराहे पर लगाया जाम, सौंपा ज्ञापन



अमरोहा चौराहे पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा



एसडीएम को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा




अमरोहा बस स्टैंड पर लगा जाम। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । डिजिटल ई रजिस्ट्री योजना के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं द्वारा रोड जाम कर प्रदर्शन किया और उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौप कर जल्द से जल्द योजना समाप्त करने की मांग की।

प्रदेश सरकार द्वारा ई रजिस्ट्री योजना का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं द्वारा शनिवार को 17 वें दिन तहसील बार एसोसिएशन बैनर तले नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोड जाम कर दिया,अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि महानिरीक्षक निबंधन द्वारा निजी कंपनियों को ठेका देकर डिजिटल ई-रजिस्ट्री कराने के आदेश से वकीलों, मुंशियों और टाइपिस्टों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। साथ ही, खतौनियों की त्रुटियों के कारण जनता को कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि रजिस्ट्री की पुरानी व्यवस्था को बहाल रखा जाए। इसके बाद अधिवक्ताओं द्वारा उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा।

इस मौके पर बार अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर, मुजाहिद चौधरी, सद्दाम, चरन सिंह, महबूब आलम,हितेश त्यागी,मनोज कुमार सक्सेना, समरपाल सिंह,ओमपाल सिंह, इसरार खान,विनोद कुमार प्रजापति,कमल सिंह, नौशाद, नासिर, सुरेश, जयकुमार राणा सैनी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मां की डांट से क्षुब्द फांसी के फंदे पर झूली किशोरी मौत

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मां की डांट से क्षुब्द होकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतका किशोरी के शव का दफीना कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार के एक गांव मे मोहर्रम देखने जाने के लिए नंद व चचेरी भाभी के बीच कहा सुनी हो गई। कहासुनी के बाद नाराज चचेरी भाभी फांसी के फंदे पर झूल गई। लेकिन परिजनों ने समय रहते उसे बचा लिया। गुस्साई मां ने किशोरी को डांटा दिया तो शुक्रवार की शाम 17 वर्षीय किशोरी कमरे में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर लटक गई। परिजनों के द्वारा किशोरी को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर निजी चिकित्सक को दिखाया गया।जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। देर रात बिना किसी कानूनी कार्रवाई के परिजनों ने किशोरी के शव का दफिना कर दिया। जब इस बारे में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया इस मामले में कोई जानकारी नहीं है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कार्यवाही की जाएगी।

### बंधक बनाकर युवक की पीटाई, दी तहरीर

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के एक गाव निवासी एक युवक को नौकरी और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भेजने के नाम पर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव बैखेड़ा निवासी पीड़ित देशराज पुत्र मुनि देव को बातचीत के बहाने गजरौला अड्डा स्थित एक अस्पताल में बुलाया गया था। आरोप है कि वहां करीब तीन घंटे तक युवक को बंधक बनाकर रखने के बाद दबंगों और अस्पताल स्टाफ ने युवक पर जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉडों से हमला कर दिया। हमलावर उसे गंभीर रूप से घायल और मरणासन्न हालत में नगर की रहरा अड्डे के निकट स्थित गोकुल धाम वाली गली में छोड़कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के पिता ने आरोपियों को आपराधिक प्रवृत्ति का बताते हुए पुलिस से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 14 पत्रावलियों का निस्तारण,4 परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति शर्मा के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक थानाध्यक्ष डा. रूकमपाल सिंह अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर काउंसलिंग में 76 पत्रावलियों को सुनकर 14 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 4 परिवारों को मिलाया गया एवं 4 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 6 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिये जाने के कारण बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन माहेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी विनीता आदि मौजूद रहे।



पति पत्नी के विवाद को सुनते काउंसलर व पुलिस।

### बिजली कटौती से लोग परेशान, हंगामा

**मुरादाबाद।** लगातार हो रही अघोषित कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में देर रात शहर की बैंक कॉलोनी के निवासियों का धैर्य उस वक्त जवाब दे गया, जब घंटों तक बत्ती गुल रहने पर उन्होंने सीधे जिलाधिकारी (डीएम) आवास का रुख कर लिया। इलाके में लंबे समय से बिजली व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। दिन हो या रात, किसी भी वक्त बिना पूर्व सूचना के घंटों के लिए बिजली काट दी जाती है। विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद जब कोई ठोस समाधान नहीं निकला, तो आधी रात को ही भारी संख्या में महिला-पुरुष और युवा डीएम आवास के बाहर इकट्ठा हो गए और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।दरअसल, बैंक कॉलोनी के लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि बिजली कटने का कोई निर्धारित रोस्टर नहीं बचा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग के कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों के फोन घनघनाए, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ रटा-रटाया और कोरा आश्वासन ही थमा दिया गया। गुजरी रात को भी जब काफी देर तक सप्लाई बहाल नहीं हुई और अधिकारियों ने फोन पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, तो लोगों ने खुद ही मोर्चा खोलने का मन बना लिया। बाद में उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप पर आपूर्ति सुचारू हुई।

### दीपा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर की सील हटी किसके पर, अधिकारी कटघरे के घेरे में

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की कथित कार्रवाई की हवा महज दो दिनों के भीतर ही निकल गई है। जिस दीपा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर को दो दिन पहले एमडीए की टीम ने मानकों की अनदेखी और अवैध निर्माण के आरोप में बड़े लाव-लश्कर के साथ सील किया था, वहां आज (27 जून 2026) सील तोड़कर या उसे दरकिनार कर धड़ल्ले से अस्पताल का पूरा कार्य चल रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल विकास प्राधिकरण के दफ्तर से महज चंद दूरी पर खेला जा रहा है, और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। लखनऊ हादसे के बाद शासन के सख्त निर्देशों का हवाला देकर एमडीए ने शहर के कई अवैध प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की बात कही थी, जिसके तहत भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस अस्पताल को सील कर जनता की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए गए थे। लेकिन आज अस्पताल में न केवल मरीजों का आना-जाना जारी है, बल्कि पूरा स्टाफ और कामकाज पहले की तरह ही सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। अस्पताल संचालकों के बुलंद हौसले सीधे तौर पर प्राधिकरण की साख को खुली चुनौती दे रहे हैं। एमडीए कार्यालय के इतने नजदीक होने के बावजूद इस प्रकार दोबारा अस्पताल का चालू होना शहर में चर्चा का विषय बन गया है कि क्या यह सीलिंग की कार्रवाई महज कागजी और दिखावे की थी या फिर इसके पीछे कोई और अंदरूनी साठगांठ चल रही है।



### उजाड़ने से पहले आवास दिए जाएं कपूर कंपनी रोड के गरीबों को

**मुरादाबाद।** अतिक्रमण के नाम पर अधिकारियों की मनमानी के विरोध में कलक्ट्रेट पर वामपंथी मोर्चा मैं प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारी को ज्ञापन दिया। अपर जिलाधिकारी नगर को दिए गए ज्ञापन में गरीबो को उजड़ने से पहले उनके आवास की व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि मुरादाबाद में कपूर कम्पनी के सामने फायर ब्रिगेड वाले रोड पर वर्षो से अपनी झुग्गी बना कर रह रहे है और किसी तरह अपना पेट पाल रहे है। इसलिए उजाने से पहले व्यवस्था सरकार और प्रशासन को करनी चाहिए। डूडा द्वारा बनाए गए तमाम आवास खाली पड़े है। इन्हें वही आवास दिए जाए।इस दौरान थान सिंह, चन्द्रपाल सिंह आजाद,श्याम लाल, पवन कुमार, रोहिताश कुमार राजपूत, रामकिशोर रस्तोगी आदि रहे।

# 18 लाख की लागत से बदला नगर पालिका का चेहरा, आधुनिक पालिकाध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद के प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को लगभग 18 लाख रुपये की लागत से तैयार आधुनिक पालिकाध्यक्ष कक्ष का लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रज़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया और इसके बाद नए अत्याधुनिक कक्ष में बैठकर कार्यभार भी संभाला।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद पालिकाध्यक्ष ने नए कक्ष का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर नई कार्यप्रणाली पर चर्चा की।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर पालिका केवल विकास कार्य कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर यहां आते हैं, ऐसे में कार्यालय का वातावरण आधुनिक और व्यवस्थित होना जरूरी था।

उन्होंने बताया कि लगभग 18 लाख रुपये की लागत से तैयार इस कक्ष में उच्च गुणवत्ता की फॉल्स सीलिंग, एलईडी प्रकाश व्यवस्था,



आधुनिक फ्लोरिंग, नई विद्युत वायरिंग, वातानुकूलन प्रणाली, आधुनिक फर्नीचर, आगंतुकों के लिए आरामदायक बैठक व्यवस्था तथा डिजिटल मीटिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक कार्यालय कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और कार्य संस्कृति को बेहतर बनाता है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। इससे शिकायतों का निस्तारण अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से किया जा सकेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता और पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे विकास कार्यों के साथ-साथ अब प्रशासनिक ढांचे के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

फात्मा रज़ा ने कहा कि पालिका भवन शहर की प्रशासनिक पहचान है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों नागरिक आते हैं। इसलिए भवन का हर हिस्सा तकनीकी रूप से सक्षम और जनसुविधाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि पालिकाध्यक्ष कक्ष के बाद अब नगर पालिका भवन के अन्य कार्यालयों का भी चरणबद्ध तरीके से आधुनिकीकरण कराया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और नागरिकों को भी सम्मानजनक माहौल में अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा।

इस मौके पर सभासद रवि, भूदेवी चंदेल, प्रेमलता सिंह, लियाकत अली खां, ममता, राजीव नारायण रायजादा, शाजमा, मोहम्मद अनवर, अनवर खां, मनोज, किशोर, जया साहू, जीनत बी उर्फ जीनत बेगम, कनीज फात्मा, अख्तरी, मोहित सक्सेना सहित नगर पालिका के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### बदायूं में पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई



**बदायूं।** सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून 2026 को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने के लिए शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सदर विधायक महेशचंद गुप्ता और सीएमओ डॉ. विकास शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। विधायक ने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए हर बच्चे को दवा पिलाना जरूरी है और कोई भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएमओ ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नजदीकी बूथ पर 28 जून को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। छूटे हुए बच्चों को 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सीएमओ कार्यालय पर समाप्त हुई।

### स्कूटी तोड़ने के विरोध पर मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला मीरासराय निवासी मंजू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 जून की रात 10 बजे मोहल्ले के श्यामबाबू, रामबाबू व रुपेश ने पड़ोसी मुनीश के घर के बाहर खड़ी उसकी स्कूटी ईंट-पत्थर मारकर तोड़ दी। मुनीश ने जब इसका विरोध किया तो सभी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चार वर्षीय बेटी के साथ महिला प्रेमी संग फरार, रिपोर्ट

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 जून की सुबह 10 बजे उसकी पत्नी चार वर्षीय पुत्री के साथ सहसवान कचहरी परिसर में अपने मुकदमें की तारीख करने के लिए गई थी। जहां से उसकी पत्नी व पुत्र को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों का पता नहीं चला है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किसान से मारपीट करने पर चार पर प्राथमिकी

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी विट्टू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई पृथ्वीराज अपने खेत पर तरबूज की फसल की रखवाली कर रहा था। 20 जून की रात 9 बजे गांव के ही रतीभान, बिट्टन, नरसिंह, अजब सिंह आदि लोग खेत पर जाकर तरबूज तोड़ने लगे। जब उसके भाई ने तरबूज तोड़ने से मना किया तो सभी ने मिलकर उसके भाई को लाठी-डंडो से जमकर पीटा। जिसमें उसके भाई को गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने चारों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### उस्तरे के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से आला कत्ल (उस्तरा) बरामद किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधी गिरफ्तारी अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुकदमा संख्या 234/26, धारा 109/324(4)/352/351(2) बीएनएस से संबंधित मामले का खुलासा करते हुए रामबाबू उर्फ कालिया पुत्र जीवनलाल, निवासी मोहल्ला मीरा सराय, थाना सिविल लाइंस को गिरफ्तार किया। आरोपी को उसके ही क्षेत्र से दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।

# पूर्व प्रधान की सड़क हादसे में मौत, हत्या का आरोप

## दांदरा-करियाबैन के बीच हुआ हादसा, पुलिस ने परिजनों के आरोपों की शुरु की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** दहगवां के एक कार्यक्रम से लौट रहे पूर्व प्रधान को बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व प्रधान गंभीर रुप से घायल हो गए।



मृतक भूरे सिंह।

घायल पूर्व प्रधान को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें लेकर मेडीकल कॉलेज पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है। हादसा बृहस्पतिवार शाम दांदरा व करियाबैन के बीच हुआ। सहसवान थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर टप्पा हवेली निवासी भूरे सिंह (52) पुत्र नरोत्तम सिंह गांव के पूर्व प्रधान थे। वह बृहस्पतिवार को दहगवां में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में बोलेरो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उधर, मृतक के परिजनों का आरोप है कि यह हादसा नहीं बल्कि एक सुनियोजित हत्या की साजिश हैं। परिजनों ने गांव के मौजूदा प्रधान पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पूर्व प्रधान की मौत एक्सीडेंट से होने का खुलासा हुआ है। थाना प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला एक्सीडेंट का लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पूर्व प्रधान की मौत एक्सीडेंट से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# राजेंद्र पाल गौतम के मनोनयन पर बदायूं में कांग्रेसियों ने बांटी मिठाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पद पर राजेंद्र पाल गौतम के मनोनयन पर बदायूं के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में प्राइवेट बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक रूप से मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर ओमकार सिंह ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि राजेंद्र पाल गौतम के नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि अब जमीनी स्तर पर सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे कांग्रेस उत्तर प्रदेश में फिर से मजबूत स्थिति में आ सकेगी।

कार्यक्रम में मोहम्मद असरार अहमद, सुरेश सिंह राठौर, गौरव सिंह राठौर, डॉ. राम रतन पटेल, मोरपाल प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति, अकबर अहमद डम्पी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन इगलास हुसैन ने किया।

# ई-रिक्शा और बाइक की जोरदार भिड़ंत, तीन लोग गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** बदायूं जनपद के थाना वजीरगंज क्षेत्र अंतर्गत चौकी बगरैन के पास करेंगी रोड पर मुडिया सतासी के निकट शनिवार को एक ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार सुखपाल निवासी जंगवाजपुर थाना सिरौली (जिला बरेली) बगरैन की ओर से आ रहा था, जबकि ई-रिक्शा चालक कल्लू मनिहार निवासी महमूदपुर थाना आंवला (बरेली) अपनी सवारी लेकर आ रहा था। टक्कर में सुखपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ई-रिक्शा चालक कल्लू मनिहार भी बुरी तरह घायल हो गया।



हादसे में ई-रिक्शा में सवार विकास निवासी मुडिया सतासी थाना वजीरगंज भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कहासुनी के बाद दो पक्ष आपस में भिड़े, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव बाजपुर में कहासुनी के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

गांव बाजपुर निवासी अनीस कुरैशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 जून की शाम 7 बजे उसके घर के पास इमामबाड़ा चौक पर ताजिया बन रहे थे। उसका पुत्र रिहान व भतीजा कादिर वहां बैठे ताजिया देख रहे थे। तभी किसी ने अपनी छत से ईंट फेकं दी। जिस पर उसके पुत्र व भतीजे ने ईंट फेंकने से मना किया। तभी मारुफ, जावेद, रिहान व मुनीश ने उसके पुत्र व भतीजे को घेर लिया और लाठी-डंडो से जमकर मारपीट की। जिसमें दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष के मारुफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव के अनीस, इस्लाम, अल्लादीन व रिहान दबंग किस्म के लोग हैं।

25 जून को उसकी छत से किसी ने कुरकुरा खाकर उसकी थैली छत से नीचे फेंक दी। जो गली में जा रहे कादिर के ऊपर गिर गई। जिस पर कादिर उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने अपने परिजनों को बुला लिया। सभी ने आकर लाठी डंडो से उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने प्रथम पक्ष के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# बगरैन मंडल बैठक में डिजिटल लर्निंग पर जोर

**बगरैन।** बिसौली विधानसभा क्षेत्र के बगरैन मंडल की बैठक गौरी शंकर इंटर कॉलेज में संपन्न हुई, जिसमें डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के प्रशिक्षण विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने, कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने तथा इसकी जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने की रणनीति तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में "मन की बात" कार्यक्रम के नियमित आयोजन तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती प्रत्येक बूथ पर मनाने की भी योजना बनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अचल शर्मा, मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान, महामंत्री राजेश उपाध्याय सहित शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासी एवं अन्य तकनीकी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में सुनी गईं जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना वजीरगंज में आयोजित "समाधान दिवस" के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समयबद्ध व विधिक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण कर उसे अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र से मारपीट के आरोप में तीन पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिनावर थाना क्षेत्र के गांव पस्तौर माफी निवासी बलवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ दबंगों ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है, जिस पर न्यायालय ने उसके हक में फैसला दिया है। न्यायालय के आदेश के बाद लेखपाल ने पैमाइश कर उसके खेत की मेढ़बंदी करा दी थी। जिसे दबंगों ने तोड़कर अपने खेत में मिला लिया। 25 जून को वह अपने पुत्र ओमेंद्र के साथ खेत पर गया, खेत से लौटकर जब वह वापस लौट रहा था तो रास्ते में भूरे, सेदू व अशोक ने उसे घेरकर मारपीट की। जिसमें उसके बेटे के सिर में चोट आई है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंपल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जंद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्कको शिकायतें व अन्य
7078173252
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

# अग्निवीर प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए सदस्य पिंटू यादव को दी भावभीनी विदाई

**बदायूं।** राष्ट्रीय युवा विकास संगठन के सदस्य पिंटू यादव के अग्निवीर आर्मी प्रशिक्षण के लिए रवाना होने पर उझानी रेलवे स्टेशन पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय शाक्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पिंटू यादव को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अग्निवीर के रूप में देश की सेवा करना गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पिंटू यादव अपने अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से संगठन, परिवार तथा जिले का नाम रोशन करेंगे। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने पिंटू यादव का उत्साहवर्धन किया तथा उनके सफल प्रशिक्षण और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। समारोह का वातावरण देशभक्ति एवं उत्साह से ओत-प्रोत रहा।

सराहनीय | मिशन शक्ति केंद्र की सराहनीय पहल

# भटकती महिला को मुजरिया पुलिस ने परिजनों से मिलाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुजरिया पुलिस के मिशन शक्ति केंद्र की सक्रियता के चलते एक भटकती महिला को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय मामला सामने आया है। महिला पुलिस की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।



जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे मुजरिया चौराहे पर एक महिला भटकती हुई घूम रही थी। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला कांस्टेबल सुषमा की नजर उस पर पड़ी। महिला की स्थिति को देखते हुए उसे थाना परिसर लाया गया और मिशन शक्ति केंद्र पर बैठाकर उससे पूछताछ की गई।

पूछताछ में महिला ने अपना नाम सुनीता पत्नी संजीत निवासी ग्राम महेरा, थाना वजीरगंज बताया। प्रभारी निरीक्षक विदेश कुमार शर्मा के निर्देशन में महिला आरक्षी सुषमा और सुमन ने तत्काल वजीरगंज थाना क्षेत्र में संपर्क कर महिला के परिजनों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही महिला के ससुर खुशीराम और देवर अनोज रात करीब 11 बजे मुजरिया थाना पहुंचे और सुनीता की पहचान की। परिजनों ने बताया कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है, इसी दौरान वह घर से भटककर निकल गई थी। परिजनों से मिलकर सुनीता काफी खुश नजर आई। पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताओं के बाद महिला को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने मुजरिया पुलिस व महिला आरक्षियों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य से क्षेत्र में पुलिस की सकारात्मक छवि और मजबूत हुई है।

# मोटरसाइकिल-टेंपो टक्कर के बाद विवाद, 9 आरोपी गिरफ्तार



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में मोटरसाइकिल और टेंपो की टक्कर के बाद दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 4 डंडे भी बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया व क्षेत्राधिकारी बिल्सी आलोक सिद्धू के पर्यवेक्षण में थाना इस्लामनगर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, मुकदमा संख्या 163/2026 में दर्ज विभिन्न धाराओं के तहत वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राजू, बबलू, फारुख, यावर, समशाद, इरशाद, फारुख (पुत्र हबीब), याकूब और अजीम कुरैशी शामिल हैं, जो सभी मोहल्ला कुरैशियान, इस्लामनगर के निवासी हैं। कार्रवाई थाना प्रभारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सनी चौधरी व उनकी टीम द्वारा की गई।

सम्पादकीय

# नई भाजपा के रोल मॉडल हैं योगी, हेमंत और शुभेंदु!

उत्तर प्रदेश एक ऐसे मुख्यमंत्री से रूबरू है, जिसे राजनीति के मैदान में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। उनके बारे में यह ख्यात था कि वे एक खास वर्ग की राजनीति करते हैं और भारतीय जनता पार्टी भी उनकी राजनीतिक शैली से पूरी तरह सहमत नहीं है। लेकिन उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह अपनी पकड़ बनाई है और देश में एक अलग माडल खड़ा दिया है, वह सर्वत्र चर्चा का विषय है। इससे यह भी साबित हो रहा है कि ह्यअपनी राजनीतिह्ल के प्रति भाजपा का आत्मदैन्य कम हो रहा है। वहीं असम में हेमंत विश्वशर्मा उम्मीदों का चेहरा बनकर उभरे हैं, असम में तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा ने पूर्वोत्तर में इतिहास रच दिया है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति से पश्चिम बंगाल की विजय ऐतिहासिक कही जा रही है और वहां बने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के ताबड़तोड़ फैसलों ने जनविश्वास की हिलोरें पैदा की हैं। जड़ता को तोड़कर एक नई उम्मीद बनी है। केंद्रीय राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आगमन ने भारतीय राजनीति के परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। भाजपा का आज तक का ट्रैक हिंदुत्व का वैचारिक और राजनीतिक इस्तेमाल कर सत्ता में आने का रहा है। देश की राजनीति में चल रहे विमर्श में भाजपा बड़ी चतुराई से इस कार्ड का इस्तेमाल तो करती थी, किंतु उसके नेतृत्व में इसे लेकर एक हिचक बनी रहती थी। वो हिचक अटल जी से लेकर आडवानी तक हर दौर में दिखी है। भाजपा का हर नेता सत्ता पाने के बाद यह साबित करने में लगा रहता है वह अन्य दलों के नेताओं के कम ह्यसेकुलरह्ल नहीं है। उत्तर प्रदेश की ह्यआदित्यनाथ परिघटनाह्ल दरअसल भाजपा की वैचारिक हीनग्रंथि से मुक्ति को स्थापित करती नजर आती है। नरेंद्र मोदी के राज्यारोहण के बाद योगी आदित्यनाथ का उदय भारतीय राजनीति में एक अलग किस्म की राजनीति की स्वीकृति का प्रतीक है। एक धर्मप्राण देश में धार्मिक प्रतीकों, भगवा रंग, सन्यासियों के प्रति जैसी विरक्ति मुख्यधारा की राजनीति में दिखती थी, वह अन्यत्र दुर्लभ है। भाजपा जैसे दल भी इस सेकुलर विकार से कम ग्रस्त न थे। धर्म और धमार्चार्यों का इस्तेमाल, धार्मिक आस्था का दोहन और सत्ता पाते ही सभी धार्मिक प्रतीकों से मुक्ति लेकर सारी राजनीति सिर्फ तुष्टीकरण में लग जाती थी। प्रधानमंत्रियों समेत जाने कितने सत्ताधीशों के ताज जामा मस्जिद में झुके होगें, लेकिन हिंदुत्व के प्रति उनकी हिचक निरंतर थी। यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं की एक समय में दीनदयाल जी उदार थे, तो अटलजी और बलराज मधोक अपनी वक्रता के चलते उग्र नेता माने जाते थे। अटलजी का दौर आया तो लालकृष्ण आडवाणी उग्र कहे जाने लगे, फिर एक समय ऐसा भी आया जब आडवानी उदार हो गए और नरेंद्र मोदी उग्र मान जाने लगे। आज की व्याख्याएं सुनें- नरेंद्र मोदी उदार हो गए हैं और योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह उग्र माने जाने लगे हैं। अब तो असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी आदित्यनाथ की परंपरा के मुख्यमंत्री कहे जाने लगे हैं। यह मीडिया, बौद्धिकों की अपनी रोज बनाई जाती व्याख्याएं हैं। लेकिन सच यह है कि अटल, मधोक, आडवानी, मोदी, अमित शाह या आदित्यनाथ, हेमंत विश्वशर्मा और शुभेंदु अधिकारी कोई अलग-अलग लोग नहीं है। एक विचार के प्रति समर्पित राष्ट्रनायकों की सूची है यह। इसमें कोई कम जा ज्यादा उदार या कठोर नहीं है। किंतु भारतीय राजनीति का विमर्श ऐसा है जिसमें वास्तविकता से अधिक ड्रामे पर भरोसा है। भारतीय राजनेता की मजबूरी है कि वह टोपी पहने, रोजा भले न रखे किंतु इफ्तार की दावतें दे। आप ध्यान दें सरकारी स्तर पर यह प्रहसन लंबे समय से जारी रहा है। भाजपा भी इसी राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है। उसमें भी इस तरह के रोग हैं। वह भी राष्ट्रनीति के साथ थोड़े तुष्टिकरण को गलत नहीं मानती। जबकि उसका अपना नारा रहा है सबको न्याय, तुष्टिकरण किसी का नहीं। उसका एक नारा यह भी रहा है-ह्लराम, रोटी और इंसाफ। ह्व लंबे समय के बाद भाजपा में अपनी वैचारिक लाइन को लेकर गर्व का बोध दिख रहा है। असरे बाद वे भारतीय राजनीति के सेकुलर संक्रमण से मुक्त होकर अपनी वैचारिक भूमि पर गरिमा के साथ खड़े दिख रहे हैं। समझौतों और आत्मसमर्पण की मुद्राओं के बजाए उनमें अपनी वैचारिक भूमि के प्रति हीनताग्रंथि के भाव कम हुए हैं। अब वे अन्य दलों की नकल के बजाए एक वैचारिक लाइन लेते हुए दिख रहे हैं। दिखावटी सेकुलरिज्म के बजाए वास्तविक राष्ट्रीयता के उनमें दर्शन हो रहे हैं। मोदी जब एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानियों की बात करते हैं तो बात अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक से ऊपर चली जाती है। यहां देश सम्मानित होता है, एक नई राजनीति का प्रारंभ दिखता है। एक भगवाधारी संन्यासी जब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठता है तो वह एक नया संदेश देता है। वह संदेश त्याग का है, परिवारवाद के विरोध का है, तुष्टिकरण के विरोध का है, सबको न्याय का है। आजादी के बाद के सत्तर सालों में देश की राजनीति का विमर्श भारतीयता और उसकी जड़ों की तरफ लौटने के बजाए घोर पश्चिमी और वामपंथी रह गया था।

# त्रिभाषा फार्मूला विवाद और राष्ट्र निर्माण



प्रो. निरंजन कुमार

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष और सीनियर प्रोफेसर हैं)

भाषा संप्रेषण के माध्यम के रूप में केवल एक निरपेक्ष वस्तु नहीं है। भाषा का एक समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और एक अर्थशास्त्र भी होता है। इसलिए किसी भी राष्ट्र को अपनी भाषा-नीति के निर्माण में बहुत सजग रहने की आवश्यकता होती है। विशेष रूप से जब भाषा का परिप्रेक्ष्य शिक्षा आदि के संदर्भ में हो तो भाषा अपने समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और अर्थशास्त्र से आगे जाकर राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से भी जुड़ जाती है। पिछले दिनों देश में सीबीएसई के स्कूलों में त्रिभाषा फार्मूला को पूर्णरूपेण लागू करने की योजना की घोषणा को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। यह अलग बात है कि इस मुद्दे पर देश में एक विवाद खड़ा कर दिया गया है। यह संतोषजनक है कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के निर्णय पर रोक नहीं लगाई है।

भारत के सबसे बड़े स्कूली शिक्षा बोर्ड 'केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' (सीबीएसई) ने हाल में निर्णय लिया कि अकादमिक सत्र 2026-2027 से छठी कक्षा से त्रिभाषा सूत्र को लागू किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में त्रिभाषा सूत्र की अनुशंसा है। इसके अनुसार स्कूली स्तर पर तीन भाषाएँ पढ़ाई जाएंगी जिसमें कम से कम दो भारतीय भाषाएँ होंगी। तीसरी भाषा कोई भी देशी या अंग्रेजी आदि विदेशी भाषा हो सकती है। पहले भी एनईपी 1968, एनईपी 1986, और फिर 1992 की एक रिपोर्ट में भी त्रिभाषा फार्मूला को कुछ अन्य रूप में अंगीकार किया गया था। एकाध को छोड़कर लगभग सभी राज्यों ने अपने यहाँ 1986 या 1992 वाले त्रिभाषा सूत्र को अपनाया था। लेकिन दुर्भाग्य से सीबीएसई ने त्रिभाषा फार्मूले को आशिंक रूप से ही स्वीकारा। सीबीएसई के स्कूलों में छठी से आठवीं तक त्रिभाषा सूत्र लागू तो था, लेकिन इसमें हिंदी या क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के अलावा तीसरी भाषा के तौर पर इसने फ्रेंच, जर्मन आदि विदेशी भाषाओं तक की अनुमति दे दी थी। फिर नवीं और दसवीं कक्षाओं में तो सीबीएसई ने सिर्फ़ द्विभाषा नीति ही अपनाया था। उसमें भी छूट यहाँ तक थी कि स्कूल चाहें तो दोनों ही भाषाएँ कोई गैर-भारतीय भाषा भी हो सकती थी। महँगे 'पब्लिक' स्कूलों में भारतीय भाषाओं की एक तरह से तिलांजलि दे दी गई थी। सीबीएसई के इन नीतियों से कई विसंगतियाँ पैदा हो गई थी।

पहली तो यही कि सीबीएसई एवं राज्य बोर्डों के विद्यार्थियों के बीच भाषा शिक्षण को लेकर असंतुलन की स्थिति बन गई थी। नई व्यवस्था का उद्देश्य देशभर में स्कूली शिक्षा में समानता एवं भाषायी एकरूपता स्थापित करना है। दूसरे, नवीं और दसवीं कक्षाओं में जब बच्चों का व्यक्तित्व ठोस रूपाकार लेना शुरू करता है उस समय केवल विदेशी भाषाओं तक सीमित रहा जाना, बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से दूर कर रहा होता है। भाषा सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों का भी संचार करती है। आज बच्चों में त्याग, सेवा, स्नेह, सहिष्णुता, देशभक्ति, सामूहिकता, परिवार-भाव, बड़ों के प्रति आदर जैसे भारतीय मूल्यों का जो लोप होता जा रहा है, इसमें पश्चिमी संस्कृति को परोसने वाले विदेशी भाषा-साहित्य की भी कुछ भूमिका है।

एनईपी 2020 का त्रिभाषा सूत्र जिसमें तीन भाषाओं में कम से कम दो भारतीय भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य है, देर आयद पर दुरुस्त आयद कदम साबित होगा। एक तो बच्चों में यह क्षीण हो रहे भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करेग। दूसरे, सीबीएसई स्कूलों के बच्चों को भी बहुभाषिकता की शक्ति का लाभ मिलेगा। एनईपी 2020 का निर्माण करने वाली कस्तूरीरंगन कमिटी ने त्रिभाषा फार्मूला की अनुशंसा करते समय विभिन्न साइको-लिंग्विस्टिक (Psycho-Linguistics) रिसर्चों का हवाला देते हुए कहा कि बच्चों में एकाधिक भाषाओं के सीखने की सहज और असीम क्षमता होती है, और यह बहुभाषाई ज्ञान उनके संज्ञानात्मक क्षमता एवं ज्ञान क्षितिज का विस्तार करने में सहायक होता है। तीसरे, एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान बच्चों में भारतीय भू-सांस्कृतिक (Geo-cultural) समझ को व्यापक और समृद्ध करेगा। इससे हमारे सांविधानिक मूल्य-राष्ट्रीय एकता और अखंडता के भाव को मजबूत मिलेगी और विभाजनकारी भाषाई राजनीति कमजोर होगी। चौथे, विदेशी भाषा की जगह स्थानीय भाषाओं का अध्ययन जहाँ बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ेगा, वहीं इससे इन भाषाओं के प्रसार और संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। एनईपी 2020 में क्षेत्रीय/स्थानीय भाषाओं के प्रसार और संरक्षण की गंभीर अनुशंसा की गई है। पांचवें, भाषा का एक अपना अर्थशास्त्र भी होता है। भारतीय भाषाओं के अध्ययन-अध्यापन से इससे जुड़े प्रकाशन उद्योग और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा लोगों को देशभर में घुलने-मिलने, रोजगार और व्यापार में आसानी होगी। कहने की आवश्यकता नहीं कि एनईपी 2020 का त्रिभाषा सूत्र और सीबीएसई के नए दिशा निर्देश अत्यंत सुविचारित, संतुलित, समावेशी एवं भविष्योन्मुखी हैं।

विरोधियों द्वारा फैलाई जा रही सूचनाएँ तथ्यहीन एवं भ्रामक हैं। विरोध का एक कारण अंग्रेजी- शिक्षित अभिजात्य वर्ग की औपनिवेशिक दौर की ' मैकाले मानसिकता ' भी है। एक अध्ययन के अनुसार तीसरी भाषा के रूप में विदेशी भाषाओं की पढ़ाई अभी तक केवल एक प्रतिशत शहरी विद्यार्थी ही कर रहे हैं। दो भारतीय भाषाओं के अध्ययन की अनिवार्यता का विरोध इन्हीं के अभिजन वर्ग के अभिभावकों के द्वारा किया जा रहा है जो गलत समझ, दुर्भावना या औपनिवेशिक प्रभाव के कारण है। नए दिशानिर्देश के विरोध में ये लोग भाषा शिक्षकों की कमी, पाठ्यपुस्तकों का अभाव, छात्रों पर अतिरिक्त बोझ और तनाव, पहले से विदेशी भाषाओं का अध्ययन कर रहे छात्रों की असुविधा आदि का तर्क दे रहे हैं।

जानना जरूरी होगा कि सीबीएसई/एनसीईआरटी द्वारा कक्षा छह के लिए सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार हो गई हैं। नवीं कक्षा में त्रिभाषा नीति 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। इसके लिए 19 अनुसूचित भाषाओं में तीसरी भाषा की पाठ्यपुस्तकें शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएँगी। अन्य भारतीय भाषाओं के लिए विद्यार्थी इस वर्ष राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) एवं राज्य स्तरीय संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। शिक्षकों के लिए नए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर ऑनलाइन पद्धति में अन्य स्कूलों से सहयोग कर शिक्षण कार्य हो सकता है। केवल एक और भारतीय भाषा की पढ़ाई बढ़ जाने को छात्रों पर अतिरिक्त बोझ बताना, सही समझ का अभाव है। विभिन्न राज्यों में पहले से ही तीन भाषाएँ पढ़ाई जा रही हैं, और बच्चे इन्हें सहज रूप से पढ़ रहे हैं। पहले से विदेशी भाषाएँ पढ़ रहे छात्रों की सुविधा के लिए वर्तमान में तीसरी भाषा का पाठ्यक्रम बहुत हल्का रखा जाएगा। तीसरी भाषा के लिए यह छूट भी रहेगी कि दसवीं कक्षा में इसके लिए बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। मूल्यांकन विद्यालय-आधारित एवं आंतरिक होगा।

यही नहीं, किसी भी विद्यार्थी को इसके कारण दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से वंचित नहीं किया जाएगा। कोई छात्र अंग्रेजी के अलावा कोई अन्य विदेशी भाषा भी सीखना चाहे तो इसका भी अवसर प्राप्त होगा।

राष्ट्र निर्माण के ऐसे बड़े सुधारों में प्रारंभ में कुछ चुनौतियाँ आना स्वाभाविक हैं। यह योजना तो नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 के आने के बाद अविलंब लागू हो जानी चाहिए थी। लेकिन चूँकि त्रिभाषा नीति को कार्यान्वित में पहले ही देर हो चुकी है, अब और देर करना ठीक नहीं। यहाँ महात्मा गाँधी का 5 जून 1926 के 'यंग इंडिया' में लिखा यह कथन बहुत ही समीचीन है- 'यदि मैं तानाशाह होता तो आज ही विदेशी भाषा में शिक्षा दिया जाना बंद कर देता, सारे अध्यापकों को स्वदेशी भाषाएं अपनाने को मजबूर कर देता, मैं पाठ्य पुस्तकें तैयार किये जाने का इंतजार न करता। जो आनाकानी करते, उन्हें बर्ख़ास्त कर देता '। त्रिभाषा नीति को सच्चे अर्थों में यथाशीघ्र लागू करना देश और बच्चों- दोनों के हित के लिए जरुरी है। यह बात विरोधियों को भी समझ लेना चाहिए।

# ब्रिटेन का नेतृत्व संकट और घटती वैश्विक साख

इस सप्ताह एक और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के पद छोड़ने के निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया कि ब्रिटेन की हालिया राजनीतिक उथल-पुथल केवल शीर्ष नेतृत्व की व्यक्तिगत विफलताओं का परिणाम नहीं है। यह राजनीतिक वैधता, नीतिगत निरंतरता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जुड़े एक गहरे संस्थागत संकट का संकेत है। पिछले एक दशक में घरेलू दलगत संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता और ब्रेक्जिट के प्रभाव ने ब्रिटेन में नेतृत्व परिवर्तन को लगभग सामान्य राजनीतिक घटना बना दिया है। बार-बार होने वाले इस्तीफे इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि जब सार्वजनिक विश्वास और सत्तारूढ़ दल की एकजुटता कमजोर पड़ जाती है, तब प्रधानमंत्री की राजनीतिक वैधता भी तेजी से क्षीण होने लगती है।



प्रो. अंशु जोशी

इस अस्थिरता की जड़ें 2010 के दशक के मध्य से शुरू हुए राजनीतिक झटकों में दिखाई देती हैं। विशेष रूप से ब्रेक्जिट ने ब्रिटिश राजनीति को गहरे स्तर पर विभाजित कर दिया। इसने पारंपरिक दलगत समीकरणों को तोड़ा, वैचारिक संघर्षों को तीखा किया और राष्ट्रीय पहचान तथा आर्थिक भविष्य को लेकर लंबी बहस छेड़ दी। बड़ी संख्या में नागरिक स्वयं को राजनीतिक अभिजात वर्ग से अलग-थलग महसूस करने लगे, विशेषकर तब जब सरकारी नीतियाँ उनकी स्थानीय और आर्थिक वास्तविकताओं से मेल नहीं खा सकीं। ब्रिटेन की संसदीय व्यवस्था भी नेतृत्व परिवर्तन को अपेक्षाकृत सरल बनाती है। वहाँ किसी प्रधानमंत्री को हटाने के लिए आम चुनाव अनिवार्य नहीं होता; यदि सत्तारूढ़ दल अपने नेता पर विश्वास खो देता है, तो वह नए नेता का चयन कर सकता है। परिणामस्वरूप, जैसे ही किसी प्रधानमंत्री का संसदीय समर्थन कमजोर पड़ता है, संकटों से निपटने की क्षमता संदिग्ध दिखाई देती है या वह अपनी ही पार्टी के लिए राजनीतिक बोझ बन जाता है, उसके स्थान पर नया नेतृत्व सामने आ जाता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो बार-बार होने वाले इस्तीफे अपवाद नहीं, बल्कि अत्यधिक दबाव में काम कर रही राजनीतिक व्यवस्था की एक संरचनात्मक विशेषता बन चुके हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों के हालिया इस्तीफों का क्रम भी इसी प्रवृत्ति को पुष्ट करता है। डेविड कैमरन ने ब्रेक्जिट जनमत संग्रह के परिणाम के बाद पद छोड़ा। थेरेसा मे लगातार संसदीय पराजयों के कारण हटने को विवश हुईं। बोरिस जॉनसन नैतिकता से जुड़े विवादों और मंत्रियों के सामूहिक इस्तीफों के दबाव में पद से हटे। लिज ट्रस का कार्यकाल वित्तीय बाजारों में उत्पन्न अस्थिरता के कारण अत्यंत संक्षिप्त रहा। इसके बाद के नेतृत्व ने भी व्यापक राजनीतिक असंतोष और आंतरिक दबावों का सामना किया। यद्यपि प्रत्येक इस्तीफे के तत्काल कारण अलग थे, परंतु मूल समस्या समान रही—जब कोई नेता अपनी पार्टी को एकजुट रखने और प्रभावी शासन देने में असफल दिखाई देता है, तब उसका पद पर बने रहना कठिन हो जाता है। समकालीन राजनीति की तीव्र प्रतिस्पर्धा इस संकट को और गहरा करती है। लोकलुभावन राजनीति का बढ़ता प्रभाव, मीडिया की निरंतर निगरानी, सोशल मीडिया का दबाव और दलों के भीतर गुटबाजी ने नेतृत्व को पहले की तुलना में कहीं अधिक अस्थिर बना दिया है। आर्थिक चुनौतियों और जनता की बढ़ती अधीरता के बीच किसी भी सरकार के लिए प्रारंभिक झटकों से उबरना कठिन हो गया है। परिणामस्वरूप, 10 डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व परिवर्तन की गति लगातार तेज होती दिखाई देती है। इस अस्थिरता का प्रभाव केवल ब्रिटेन की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के स्तर पर भी इसके गंभीर परिणाम सामने आए हैं। लगातार बदलते नेतृत्व ने संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय देशों और अन्य साझेदारों के बीच ब्रिटेन की विश्वसनीयता को प्रभावित किया है। विदेश नीति स्वभावतः दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं और निरंतर संवाद पर आधारित होती है, किंतु जब किसी प्रधानमंत्री का कार्यकाल कुछ महीनों तक सीमित रहने की आशंका बनी रहे, तब स्थायी कूटनीतिक रणनीति विकसित करना कठिन हो जाता है। विदेशी सरकारें ऐसे साझेदारों को प्राथमिकता देती हैं जिनकी नीतियों और नेतृत्व में स्थिरता दिखाई दे।

इस पूरी परिस्थिति में ब्रेक्जिट की केंद्रीय भूमिका बनी हुई है। यूरोपीय संघ से बाहर निकलने का निर्णय राष्ट्रीय संप्रभुता को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से लिया गया था, किंतु इसके साथ ही ब्रिटेन को नई आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। व्यापारिक संबंध अधिक जटिल हुए, यूरोप के साथ सहयोग का स्वरूप बदला और विदेश नीति घरेलू राजनीतिक विवादों का विषय बन गई। आज प्रत्येक ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सामने यह दुविधा बनी रहती है कि आर्थिक हितों की दृष्टि से यूरोप के साथ निकट सहयोग बढ़ाया जाए या उन मतदाताओं को संतुष्ट रखा जाए जो ब्रेक्जिट की मूल भावना से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करना चाहते। वैश्विक परिदृश्य भी पहले की तुलना में अधिक जटिल हो चुका है। यूक्रेन में जारी युद्ध, मध्य पूर्व की अस्थिरता और बढ़ती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच ब्रिटेन की प्रभावशीलता उसकी रक्षा नीति, कूटनीतिक निरंतरता और रणनीतिक स्पष्टता पर निर्भर करती है। किंतु जब घरेलू राजनीति ही लगातार संकटग्रस्त हो, तब इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक दृष्टि बनाए रखना कठिन हो जाता है। इस प्रकार, आंतरिक राजनीतिक कमजोरी सीधे-सीधे ब्रिटेन की वैश्विक भूमिका को प्रभावित करती है।

कभी स्थिर संसदीय लोकतंत्र का आदर्श माने जाने वाले ब्रिटेन की छवि अब पहले जैसी नहीं रही। बार-बार के नेतृत्व परिवर्तन ने उसकी सॉफ्ट पावर, कूटनीतिक विश्वसनीयता और वैश्विक प्रभाव को आंशिक रूप से कमजोर किया है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी सैन्य क्षमता या आर्थिक आकार से निर्धारित नहीं होती, बल्कि इस धारणा से भी निर्मित होती है कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन निरंतर और विश्वसनीय ढंग से कर सकता है। यदि राजनीतिक नेतृत्व ही अस्थिर हो, तो यह धारणा भी कमजोर पड़ने लगती है।

अंततः, ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों के लगातार इस्तीफे केवल व्यक्तिगत या दलगत संकट की कहानी नहीं हैं। वे उस व्यापक राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक हैं जिसमें घरेलू मतभेद, ब्रेक्जिट की विरासत, घटता जनविश्वास और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियाँ एक-दूसरे को निरंतर प्रभावित कर रही हैं। परिणामस्वरूप, ब्रिटेन आज केवल शासन संबंधी संकट का सामना नहीं कर रहा, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन में अपनी विश्वसनीयता और प्रभाव बनाए रखने की चुनौती से भी जूझ रहा है। यही कारण है कि लंदन की राजनीतिक अस्थिरता अब केवल ब्रिटेन का आंतरिक विषय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण प्रश्न बन चुकी है।

**(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापिका हैं)**

# 'यमराज' बनती खाकी: क्या 'पैराशूटी गॉड कॉम्प्लेक्स' की शिकार हो चुकी है हमारी पुलिस?



डॉ. कुलदीप चौहान

बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गाँव में 26 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता भरत भूषण तिवारी के पुलिस एनकाउंटर मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। सोशल मीडिया लाइव पर हथियार डालकर आत्मसमर्पण की घोषणा करने के बावजूद, एक निहत्थे युवक को घेरकर मार दी गई पाँच गोलियाँ महज एक प्रशासनिक विफलता नहीं ह ै ं । यह वर्दी के पीछे छिप रही एक भयानक मनोवैज्ञानिक महामारी की ओर इशारा करती हैं। यह घटना चीख-चीख कर कह रही है कि बिहार पुलिस जैसी मानसिकता में भारतीय राज्य पुलिस बल इस समय तीव्र मानसिक स्वास्थ्य संकट और दमनकारी भावनाओं की विकृतियों से जूझ रहा है।

क्या है यह 'पैराशूटी गॉड कॉम्प्लेक्स'?

मनोचिकित्सा विज्ञान की भाषा में इस खतरनाक मानसिक अवस्था को 'पैराशूटी गॉड कॉम्प्लेक्स' कहा जाता है। 'गॉड कॉम्प्लेक्स' एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति स्वयं को आम इंसानों से ऊपर, असीमित शक्तियों का मालिक और अचूक समझने लगता है। जब इसमें 'पैराशूटी' शब्द जुड़ता है, तो इसका अर्थ और अधिक घातक हो जाता है।

अचानक मिली असीमित सत्ताः जब किसी व्यक्ति को बिना किसी गहन मानसिक और नैतिक प्रशिक्षण के, अचानक से वर्दी, पिस्तौल और कानून को अपने हाथ में लेने की खुली छूट मिल जाती है, तो वह 'पैराशूटी' रूप से इस परिसर में प्रवेश करता है।

जीवन-मृत्यु के फैसले का भ्रमः इस ग्रंथि से ग्रसित पुलिसकर्मी खुद को न्यायपालिका और संविधान से ऊपर समझने लगते हैं। वे अचेतन मन में यह मान लेते हैं कि किसी नागरिक के जीवन और मृत्यु का अंतिम फैसला ऑन-द-स्पॉट करने का अधिकार उन्हीं का है।

अहंकार और प्रतिशोधः भरत तिवारी मामले में जब पुलिस के प्रशासनिक भ्रष्टाचार को सोशल मीडिया पर चुनौती दी गई, तो पुलिसकर्मियों का यही 'गॉड कॉम्प्लेक्स' आहत हुआ। उन्होंने कानून सम्मत कार्रवाई करने के बजाय, खुद को 'सर्वशक्तिमान' सिद्ध करने के लिए प्रतिशोध स्वरूप गोलियां चला दीं।

फ्रंटल लोब डिस्फंक्शन और सहानुभूति का विलोपन

एक मनोचिकित्सकीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो थानों के अमानवीय कार्य-माहौल (14 से 18 घंटे की शिफ्ट) में रहने वाले पुलिसकर्मियों का मस्तिष्क गंभीर विकृतियों का केंद्र बन जाता है। नींद की भारी कमी मस्तिष्क के 'फ्रंटल लोब' की कार्यप्रणाली को धीमा कर देती है, जिससे तार्किक निर्णय लेने और आवेग को नियंत्रित करने की क्षमता समाप्त हो जाती है। मनोचिकित्सीय अनुसार जब सामान्य मनुष्यों को बिना किसी मानसिक जवाबदेही के असीमित शक्ति सौंप दी जाती है, तो व्यवस्था का क्रूर माहौल उनकी व्यक्तिगत अच्छाई को निगल जाता है। रोजाना हिंसा देखने के कारण मस्तिष्क का 'एमीग्डाला' हिस्सा सुन्न हो जाता है, जिसे क्लिनिकल भाषा में 'कमपैशन फटीग' या सहानुभूति का विलोपन कहते हैं। कनिष्ठ पुलिसकर्मी वरिष्ठों से मिले अपमान और कुंठा के गुस्से को सड़क पर किसी कमजोर नागरिक पर 'विस्थापित आक्रामकता' के रूप में निकालते हैं।

कैसे होगा इस मानसिक बीमारी का निदान?

पारंपरिक विभागीय जांच और निलंबन केवल प्रशासनिक लीपापोती हैं। पुलिस बल की इस हिंसक मानसिकता के स्थायी उपचार के लिए आधुनिक मनोचिकित्सा पद्धतियों जैसे EFT (Emotional Freedom Tech»»fiques) और NLP (Neuro-Linguistic Programming) को अनिवार्य रूप से लागू करना होगा। इसके साथ ही हर 6 महीने में पुलिसकर्मियों की अनिवार्य मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, थानों में इन-हाउस काउंसलर्स की नियुक्ति, और सुप्रीम कोर्ट की PUCL बनाम महाराष्ट्र राज्य (2014) गाइडलाइंस का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा।

भरत भूषण तिवारी की नियति ने यह चेतावनी दी है कि हम अभी से भारतीय पुलिस बल की 'वॉरियर' (योद्धा) मानसिकता को बदलकर 'गार्डियन' (रक्षक) मानसिकता में नहीं बदलते, तो आने वाले समय में कानून के रक्षक ही भस्मासुर बनकर समाज के लिए सबसे बड़ा मनोवैज्ञानिक खतरा बने रहेंगे।

**क्या है ईएफटी और एनएलपी अभ्यास**

ईएफटी (Emotional Freedom Techniques - EFT): इस मनोवैज्ञानिक 'टैपिंग थेरेपी' के माध्यम से पुलिसकर्मियों के शरीर में जमा क्रॉनिक स्ट्रेस, गुस्सा और पीटीएसडी (PTSD) के स्तर को तुरंत कम किया जा सकता है। विशिष्ट वाइटल प्वाइंट पर टैपिंग करने से उनका सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम शांत होता है, जिससे ऑन-द-स्पॉट हिंसक होने की प्रवृत्ति रुकती है।

एनएलपी (Neuro-Linguistic Programming - NLP): NLP एक 'रिफ्रेमिंग' मनोचिकित्सीय तकनीक है इसके द्वारा पुलिसकर्मियों के अचेतन मन में बैठे औपनिवेशिक कालीन "दमनकारी और शोषक" माइंडसेट को बदला जा सकता है। यह थेरेपी उनके न्यूरोलॉजिकल पैटर्न्स को रीवायर (Rewire) करके "योद्धा" की जगह "रक्षक" की भावना स्थापित करती है।

**लेखक: डा० कुलदीप सिंह चौहान पीएलआर हिप्नोसिस ईएफटी ईएफबीएच एनएलपी एवं मर्म उददीपक हीलर है एवं आयुर्जीवनम् सेवा समिति की ओर से परिवार कल्याण केन्द्र सीआरपीएफ के माध्यम से जवानों को मानसिक तनाव और इमोशनल फ्रीक्वेंसी बैलेसिंग हीलिंग प्रदान कर रहे है।**

# आगरा में पारा 42.8 डिग्री पार, 50-60 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया हीट इंडेक्स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी, उमस और जानलेवा लू का सामना कर रहे लोगों के लिए मौसम विभाग से बड़ी अपडेट आई है। राज्य में अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट आ सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान अगले दो दिनों तक लगभग स्थिर रहेगा और उसके बाद इसमें 5 से 7 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है।

मौसम केंद्र द्वारा शनिवार शाम जारी किए गए हीट वेव बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। इनमें मुख्य रूप से शामिल हैं, सामान्य से काफी अधिक तापमान वाले जिलेः लखनऊ, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, वाराणसी, बलिया, बहराइच, प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, गाजीपुर, बरेली, शाहजहांपुर और अलीगढ़। सामान्य से ऊपर तापमान वाले जिले हरदोई, कानपुर, झांसी, उरई, हमीरपुर, मेरठ और आगरा।

शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, वाराणसी, बलिया, बहराइच, प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, गाजीपुर और फतेहगढ़ तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली, शाहजहांपुर और अलीगढ़ में गंभीर लू (हीट वेव) की स्थिति दर्ज की गई। इसके अलावा, फतेहगढ़ और लखीमपुर खीरी में गर्म रात (वार्म नाइट) की स्थिति भी बनी रही। शनिवार दोपहर 2:30 बजे के दर्ज आंकड़ों के अनुसार, आगरा का तापमान 42.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पूरे प्रदेश में सर्वाधिक था। इसके अलावा अन्य प्रमुख शहरों का तापमान इस प्रकार रिकॉर्ड किया गया। इनमे वाराणसी का पारा 41.6 डिग्री सेल्सियस, सुल्तानपुर में 41.3 डिग्री सेल्सियस, लखनऊ एयरपोर्ट और झांसी में 41.0 डिग्री सेल्सियस, प्रयागराज और बरेली में 40.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### क्या रहा जिलों का ताप सूचकांक (Heat Index)?

50 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा, प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली, अयोध्या, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती और महाराजगंज। वही लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, अमेठी, जौनपुर, आजमगढ़, सोनभद्र और रायबरेली का पारा 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

### 2 जुलाई से राहत के संकेत

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू का कड़ा असर बने रहने की संभावना है, जबकि 2 जुलाई से आम जनता को इस भीषण गर्मी से राहत मिलने के संकेत हैं।



### मौसम विभाग द्वारा जारी एडवायजरी

भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने आम नागरिकों, किसानों और श्रमिकों के लिए जरूरी सलाह जारी की है, आम जन के लिए : दोपहर 11 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। हल्के सूती वस्त्र पहनें और धूप में निकलते समय सिर को सूती कपड़े या छाते से ढंककर रखें। फसलों को सूखने से बचाने के लिए खेतों में नियमित रूप से सिंचाई जारी रखें। तेज धूप और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाएं और सीधी धूप में काम करने से बचें।

## सार संक्षेप

### आपरेशन 'प्रहार' के तहत एक युवक गिरफ्तार

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आशीष शाही (30 वर्ष) पुत्र हीरा सिंह शाही, निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, पीलीभीत रोड, खटीमा को धारा 170 बीएनएसएस (BNSS) के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई को चौकी प्रभारी जीवन सिंह चुफाल तथा कांस्टेबल मोहन सिंह ने अंजाम दिया।


'ऑपरेशन प्रहार' अभियान के तहत खटीमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक।

### बंदरों के हमले से तीन मंजिला छत से गिरी महिला

खटीमा। नगर क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक के बीच गुरुवार शाम एक महिला गंभीर हादसे का शिकार हो गई। गोटिया निवासी कमर जहां (55 वर्ष) अपने घर की तीन मंजिला छत पर सूख रहे कपड़े उतारने गई थीं। इसी दौरान छत पर मौजूद बंदरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। बंदरों के झपट्टे से घबराकर महिला ने पीछे हटने का प्रयास किया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से वह तीन मंजिला छत से नीचे गिर गईं। उनकी चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा गंभीर अवस्था में उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन पहले भी पॉलीप्लेक्स क्षेत्र में एक व्यक्ति पर बंदर और लंगूर ने हमला कर उसे घायल कर दिया था। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और वन विभाग से बंदरों के बढ़ते आतंक पर शीघ्र नियंत्रण करने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### अमाऊँ क्षेत्र में भीषण बिजली संकट, चार दिनों से आंख-मिचौली जारी; जनता परेशान, राज्य मंत्री के नेतृत्व में मिला शिष्टमंडल

**खटीमा।** अमाऊँ क्षेत्र स्थित पूर्णागिरी कॉलोनी में पिछले चार दिनों से लगातार जारी बिजली की अनियमित आपूर्ति (आंख-मिचौली) और लो-वोल्टेज की समस्या ने स्थानीय जनता का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, दिन और रात हर आधे घंटे में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे न तो चैन मिल पा रहा है और न ही रातों की नींद पूरी हो पा रही है। लंबे समय तक बिजली न रहने से कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि लो-वोल्टेज की समस्या भी गंभीर बनी हुई है, जिसके कारण पंखे, कूलर, मोटर आदि विद्युत उपकरण ठीक से कार्य नहीं कर पा रहे हैं और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। इसी क्षेत्र में राज्य मंत्रियों मोहनी पोखरिया, किशन सिंह किन्ना और गंभीर सिंह धामी का भी निवास स्थित होने के बावजूद समस्या का समाधान न होने से स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। बढ़ती समस्या को लेकर कॉलोनीवासियों का एक शिष्टमंडल राज्य मंत्री गंभीर सिंह धामी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मिला। शिष्टमंडल ने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र की गंभीर स्थिति से अवगत कराते हुए शीघ्र बिजली व्यवस्था सुधारने और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। स्थानीय जनता ने विद्युत विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि भीषण गर्मी में राहत मिल सके और सामान्य जनजीवन पुन: पटरी पर लौट सके। इस शिष्टमंडल में मुख्य रूप से मोहन सिंह धामी, त्रिलोक सिंह जेठी, गोविंद सिंह, अमर चंद, तारा दत्त, राजन खाती, रमेश चौहान और गोविंद सिंह बसेड़ा आदि लोग शामिल रहे।

# बिजली गुल होने के विरोध में उपकेंद्र पर तांडव राजधानी में जान बचाकर भागे विद्युत कर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी में बिजली गुल होने के विरोध में लोगों ने उपकेंद्र पर तांडव किया। कर्मचारी अपनी-अपनी जान बचाकर भागे। चिनहट के लौलाई उपकेंद्र पर भीड़ ने जेई के कमरे में घुसकर एसी, कंप्यूटर, मेज, कुर्सी और चार बाइक तोड़ दी।



राजधानी लखनऊ में चिनहट की कांशीराम कॉलोनी की भीड़ ने बिजली गुल होने के विरोध में लौलाई उपकेंद्र पर शुक्रवार रात को दो घंटे तक भीड़ ने खूब तांडव किया। लाठी-डंडा लेकर पहुंची भीड़ ने उपकेंद्र में घुसकर जो कर्मचारी मिला, उसे बेरहमी से पीटा। यही नहीं, जेई के कमरे में घुसकर एसी, कंप्यूटर, मेज-कुर्सी और कर्मियों की चार बाइक को तोड़ दिया। हमले से डरे-सहमे दो कर्मचारी जान बचाकर उपकेंद्र से भाग गए, कर्मियों का कहना कि कॉलोनी में जबरदस्त कटियाबाजी के कारण रोज ही रात को एबीसी जलती है। उपद्रव करने वालों के खिलाफ जेई नीलेश सिंह चिनहट थाने में तहरीर दी है।

काशीराम कॉलोनी और आसपास के इलाकों में दोपहर करीब डेढ़ बजे से बिजली आपूर्ति बाधित थी। घंटों तक बिजली बहाल न होने से स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता गया। अंततः, देर रात करीब 10:30 बजे, आक्रोशित भीड़ ने पावर हाउस पहुंचकर जमकर हंगामा करके पथराव किया। एक्सईएन गोमतीनगर धीरज कुमार ने बताया कि दोपहर में ताजिया निकलने के दौरान कुछ देर के लिए बिजली बंद की गई थी। कॉलोनी में बिजली चोरी के चलते शुक्रवार रात को भी एबीसी जल गई थी, जिससे कुछ हिस्से की बिजली बंद थी।

स्थानीय निवासी पिंटू श्रीवास्तव ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर से ही बिजली गुल थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पावर हाउस, एसडीओ और जेई को कई बार फोन कर शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी भी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया और न ही उनकी समस्याओं पर कोई कार्रवाई की गई। इस उपेक्षा ने लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी।

### अमीनाबाद में एबीसी जलने से बत्ती गुल

अमीनाबाद के कई इलाकों में भी शनिवार को एबीसी व डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स में आग लगने के कारण गौरा हाउस, गुलमर्ग होटल रोड सहित आसपास इलाके की बिजली आपूर्ति एक-एक घंटे तक ठप रही। आलमबाग के उपभोक्ता पवन शुक्ला का आरोप कि प्रेम नगर एबीसी लाइन गोपालपुरी की ओर जाने वाली सड़क पर मानक से काफी नीचे है। इससे हादसा होने का अंदेशा है, जिससे ऊंचा करा दिया जाए।

फैजुल्लागंज उपकेंद्र के तहत आधा दर्जन से इलाकों में रोजाना रात को एबीसी जल रही है। इस क्रम में शुक्रवार को एबीसी जलते ही लोगों का आधी रात को उपकेंद्र पर हंगामा शुरू हो गया। कर्मियों ने बताया कि बिजली बंद होते ही इन इलाकों के लोग कर्मियों को जबरिया पकड़कर ले गए। उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति करने के लिए रात को जेई से एक्सईएन तक उपकेंद्र पर रुके।



# एक देश-एक चुनाव की बात करने वाले नहीं करा पाए प्रधानी का चुनाव : अखिलेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार नवंबर में विधानसभा चुनाव कराने का प्रोपेगंडा फैला रही है, वह प्रधानी का चुनाव नहीं करा पाई। जो वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर रहे थे, वे प्रधानी का चुनाव नहीं करा पाए।

अखिलेश यादव शनिवार को आजमगढ़ में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने जा रही है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार में पीडीए का आरक्षण छीना गया। भाजपा को दस साल की सरकार का हिसाब देना होगा।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी निंदनीय और चिंताजनक है। एसआईटी बनी, लेकिन उसकी रिपोर्ट जिसे सौंपी गई, वह एक प्रश्नचिह्न है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए धन ही धर्म है। मुख्यमंत्री अयोध्या दौरे का विश्व रिकॉर्ड बना रहे थे। हर सप्ताह अयोध्या जा रहे थे। आखिर उनका सूचना तंत्र कहां था? उन्हें चढ़ावा चोरी की जानकारी क्यों नहीं हुई। इन लोगों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। प्रभु श्रीराम इन्हें माफ नहीं करेंगे।

# राममंदिर चढ़ावा चोरी मामले में हाईकोर्ट में दाखिल हुई नई याचिका

## सोमवार को होगी सुनवाई, एक याचिका पहले से

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** अयोध्या के श्री रामजन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों वाले मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) से करने के अनुरोध वाली एक नई जनहित याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल हुई है।




इस पर सोमवार को सुनवाई संभावित है। याचिका न्यायमूर्ति मनीष माथुर और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की ग्रीष्म अवकाश कालीन खंडपीठ के समक्ष 29 जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। यह याचिका गांधीवादी अधिवक्ता विचार मंच की ओर से इसके संयोजक दिलीप कुमार मिश्रा ने दाखिल की है। याचिका में राज्य सरकार, अयोध्या डीएम, एसएसपी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय समेत भारतीय स्टेट बैंक की नायाघाट अयोध्या के शाखा प्रबंधक को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एसआईटी से कथित चढ़ावा चोरी और वित्तीय गबन मामले की जांच करने के निर्देश राज्य सरकार को देने का आग्रह किया गया है। साथ ही चढ़ावे के बैंक खाते का संचालन करने वाले सदस्यों का वित्तीय अधिकार/ बैंक खाता संचालन समाप्त किए जाने का निर्देश भी देने का अनुरोध किया गया है।

# उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ बड़े डेरी फार्म गठित कर प्रोत्साहित करेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ बड़े डेरी फार्म गठित करने एवं वृद्ध डेरी फार्मों को प्रोत्साहित कर दुग्ध सहकारिता से जोड़ने का प्रयास कर रहा हैं। इसके लिए तैयार योजना के तहत अलग-अलग चरणों में वृद्धि मूल्य वृद्धि के लिए नियम एवं शर्तें निर्धारित की गई हैं। उधम सिंह नगर दूग्ध उत्पादक सहकारी संघ प्रधान प्रबंधक राजेश मेहता ने बताया कि 50 से 200 लीटर प्रति दिन औसत वाले दुग्ध उत्पादक को एक रुपया प्रति लीटर तथा 201 से अधिक दुग्ध उत्पादक को दो रुपए प्रति लीटर मूल्य वृद्धि दी जाएंगी। इस लाभ को लेने वाले उत्पादक की दूध की गुणवत्ता 8.00 प्रतिशत एसएनएफ से अधिक होनी चाहिए। माह में दो बार भुगतान प्रदान होगा। दूध का औसत गणना भी दो बार की जाएंगी। संस्था के पशु चिकित्सक एवं पर्यवेक्षक लाभार्थी की गौशाला का निरीक्षण करेंगें। दूध स्वयं के पशु द्वारा उत्पादित हो सहित अन्य शर्तें एवं कंडीशन लागू की गई हैं। प्रधान प्रबंधक मेहता ने पशुपालकों से सरकार की इस योजना का लाभ लेने की अपील की है।

**50 से 200 लीटर पर एक रुपया 200 से अधिक उत्पादन वाले किसानों को दो रुपए मूल्य वृद्धि देगा**

**मूल्य वृद्धि के साथ ही 6 शर्तें भी लागू होंगी**

# जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता-सीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान खटीमा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लोहिया हेड कैंप कार्यालय तथा हेलीपैड पर जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने जनता की समस्याएं भी सुनी तथा समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है इसलिए समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए।


जन समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, मेयर विकास शर्मा, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू, किशन सिंह किन्ना, मोहिनी पोखरिया, गम्भीर सिंह धामी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, अमित पांडे, रनदीप पोखरिया, नवीन पांडे, बिमला बिष्ट, भवानी भंडारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, वीसी जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेकों अधिकारी, जनप्रतिनिधिव जनता उपस्थित थे।

# 3.30 करोड़ बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का अभियान कल से

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश के शून्य से पांच वर्ष तक के 3.30 करोड़ नौनिहालों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का अभियान रविवार से शुरू होगा। पहले दिन लगभग 1.10 लाख बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। सोमवार से 70 हजार टीमें और 35 हजार पर्यवेक्षक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाएंगे।



परिवार कल्याण (महानिदेशक) डॉ. एचडी अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश पिछले 16 वर्षों से पोलियो मुक्त बना हुआ है, लेकिन इस वर्ष पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के तीन मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि जब तक दुनिया पूरी तरह पोलियो मुक्त नहीं हो जाती, तब तक संक्रमण का खतरा बना रहेगा।

ऐसे में पोलियो वायरस के किसी भी प्रवेश को रोकने के लिए बूथ, घर-घर अभियान, ट्रांजिट और मोबाइल टीमों के माध्यम से व्यापक रणनीति तैयार की गई है। सभी जनपदों में 6,500 ट्रांजिट टीमें और 1,700 मोबाइल टीमें बस एवं टेंपो स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठों और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी।

राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में नेपाल सीमा पर भी 30 टीकाकरण पोस्ट स्थापित किए गए हैं। वहीं, जो बच्चे किन्हीं कारणों से दवा सेवन से वंचित रह जाएंगे, उन्हें छह जून को मॉपआप राउंड के दौरान दवा पिलाई जाएगी।

# नाज़िया इलाही खान द्वारा इस्लाम के पैगंबर हज़रत मुहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर खटीमा थाने में FIR दर्ज करने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** तंजीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत खटीमा के अध्यक्ष हज़रत मौलाना मुहम्मद इरफ़ान-उल-हक़ क़ादरी की सरपरस्ती में खटीमा कोतवाली थाने में नाज़िया इलाही खान के खिलाफ FIR दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की अपील की गई। नाजिया इलाही खान कोलकाता, बंगाल की रहने वाली हैं, जो आए दिन सोशल मीडिया पर इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे बयान देती रहती हैं। हाल ही में, इस नफरती महिला ने इस्लाम के पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और पवित्र पैगंबर के सम्मान का अपमान किया, जिससे पूरे मुस्लिम समाज को बहुत दुख हुआ। क्योंकि मुसलमान सब कुछ बर्दाश्त कर सकता है लेकिन पैगंबर की शान में विवादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं कर सकता, पैगंबर से प्यार ही सच्चा ईमान है, इसलिए पैगंबर (सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम) की बेइज्जती किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं है। देश भर के सभी मुसलमानों में बहुत गुस्सा और नाराज़गी है और हर जगह इसके खिलाफ FIR, गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। मौलाना मुहम्मद इरफ़ान-उल-हक़ क़ादरी साहब ने खटीमा थाने प्रभारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि ऐसी औरत जो नफरत फैलाती है, समाज विरोधी है और देश के अमन-चैन में खलल डालती है, उसे गिरफ्तार करना ज़रूरी है ताकि देश में आपसी भाईचारा और शांति व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर तंजीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत खटीमा के जिम्मेदार लोग मुफ़्ती सईद अनवर इरशादी, मौलाना अत्ताउल मुस्तफा, हाफ़िज़ गुलाम रसूल, मुहम्मद सोहेल रजा, डॉ. मुहम्मद ताहिर, नाजिम़ शीरी आदि मौजूद थे।


खटीमा कोतवाली में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर नाजिया इलाही खान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते तंजीम उलेमा-ए-अहले सुन्नत के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराई बाइक, किशोर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में किशोर की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा उसका दोस्त घायल हो गया। हादसा बाइक के बाइक के बिजली पोल से टकराने के बाद हुआ।

थाना क्षेत्र के सीगनखेड़ा गांव निवासी अलज़ेब अपने दोस्त साहिल के साथ शनिवार को बाइक से खिजरपुर चौराहे पर कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए गया था। सामान खरीदने के बाद किशोर बाइक से वापस अपने घर आने लगे। गांव के पास किशोर की बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने किशोर को हायर सेंटर रेफर कर दिया। शनिवार रात करीब 8:00 बजे इलाज के दौरान किशोर अलजेब उम्र 15 वर्ष की मौत हो गई। परिजन मृतक का शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।


अलजेब का फाइल फोटो।

**बाइक पर पीछे बैठा मृतक का दोस्त भी गंभीर रूप से घायल**

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर तैयारी की जांच करते अफसर व जनप्रतिनिधि।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पतरासा कुंवरपुर में प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पुलिस अधीक्षक सुकिर्ति माधव एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक विवेक वर्मा तथा विधायक बाबूराम पासवान ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों में उत्साह का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

# जनसहयोग की मिसाल बना गोमती नदी त्रिवेणी घाट

### तटबंध को मजबूत करने के लिए चल रहा अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत शहबाजपुर घाटमपुर स्थित ऐतिहासिक त्रिवेणी घाट पर इन दिनों जनसहयोग से तटबंध को मजबूत करने और घाट की साफ-सफाई का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जेसीबी द्वारा तटबंध पर मिट्टी डाली जा रही है। बरसात का मौसम शुरू होने से पहले ग्रामीणों ने संभावित कटान और जलभराव की समस्या को देखते हुए तटबंध को मजबूत करने की पहल की है। पिछले कई दिनों से चल रहे अभियान के तहत जेसीबी मशीनों की मदद से तटबंध पर मिट्टी डालकर उसे चौड़ा और ऊंचा किया जा रहा है। इससे बरसात के दौरान नदी या नाले के बढ़ते जलस्तर से होने वाले कटान के खतरे को कम करने में मदद मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तटबंध को मजबूत नहीं किया गया तो बरसात में आसपास की कृषि भूमि और रास्तों को नुकसान पहुंच सकता है। तटबंध निर्माण के साथ-साथ घाट परिसर में सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक झाड़ियों की कटाई, कूड़ा-करकट हटाने और घाट तक जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने में जुटे हैं। इससे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ-साथ क्षेत्र का सौंदर्यीकरण भी हो रहा है।



जेसीबी से बनाए जा रहे तटबंध। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा कार्य जनसहयोग से किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों द्वारा आर्थिक सहयोग के साथ-साथ श्रमदान भी किया जा रहा है। अभियान में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए समाज को स्वयं आगे आना चाहिए। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इसी तरह जनसहयोग मिलता रहा तो त्रिवेणी घाट को एक आदर्श धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। लोगों ने प्रशासन से भी घाट के विकास और स्थायी सुरक्षा व्यवस्था के लिए सहयोग की मांग की है।

## सार संक्षेप

### बिजली न मिलने पर माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर प्रदर्शन, लोगों को हुई परेशानियां

**पूरनपुर।** शुक्रवार की रात बिजली व्यवस्था चरमरा गई। घंटों बिजली गुल रहने से लोग भडक उठे, उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर माधोटांडा में ने शनिवार सुबह हाईवे पर जाम लगा दिया। लोगों ने बिजली व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग है। भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।शुक्रवार की रात बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शहर के कई इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रही। जिससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पडा। पूरी रात बिजली के लिए लोग तडपते रहे। माधोटांडा में ग्रामीणों ने पूरी रात बिजली न मिलने पर लोग भडक उठे,शनिवार सुबह बडी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हाईवे पर बिजली निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि नाम मात्र की बिजली दी जा रही है। उसमे भी कटौती की जा रही है। पूरी रात जागकर काटनी पड रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली संकट गहराया रहा। माधोटांडा क्षेत्र में पूरी रात बिजली न आने से आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए। उन्होंने माधोटांडा–खटीमा मार्ग पर धरना दिया और ऊर्जा निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर ऊर्जा निगम और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर धरना समाप्त कराने का प्रयास करते रहे। काफी देर तक लोग बिजली विभाग के खिलाफ डटे रहे, लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति से शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। इस दौरान बडी संख्या में उपभोक्ता मोजूद रहे।

### फूफा के साथ भतीजी के लापता होने से मचा हड़कंप, सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** क्षेत्र के एक गांव में सामने आए एक मामले ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है। आरोप है कि गांव निवासी एक व्यक्ति अपनी भतीजी को साथ लेकर घर से चला गया। जिसके बाद दोनों का कोई पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में हड़कंप मच गया और रिश्तेदारों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। मामले की शिकायत की गई। जिसमे में कहा गया है कि घटना पूर्व नियोजित हो सकती है और इसमें कुछ अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। घटना के बाद परिवारों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों में दरार पड़ गई। गांव में भी इस मामले को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं होने लगीं और लोगों की भीड़ पीड़ित परिवार के घर पहुंचती रही। परिजनों का कहना है कि युवती के अचानक गायब होने से परिवार गहरे सदमे में है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। आरोप है कि घर में रखे माल जेवर और नकदी भी साथ ले गई।पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस ने वताया कि मामले में फूफा सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही वरामद कर लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा, मुस्लिम समाज के मुद्दे उठाने की तैयारी



**पूरनपुर।** मीडिया पर प्रसारित जानकारी के अनुसार 29 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीलीभीत आगमन की संभावना के बीच मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के सदस्य नूर अहमद अज़हरी ने जिला प्रशासन से प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज से जुड़े मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों और खानकाहों के संबंध में उठ रहे विवादों एवं अन्य मुद्दों पर शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से अपना पक्ष मुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाहते हैं। उन्होंने प्रशासन से मुलाकात का समय उपलब्ध कराने की मांग की है।

## पैमाइश को लेकर भाकियू भानू ने शुरु की भूख हड़ताल तहसील में चल रहा भाकियू भानु का धरना-प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मुडिया गांव में भूमि पैमाइश न किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने अब भूख हड़ताल शुरु कर दी है। धरना-प्रदर्शन लगातार जारी रहा। बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी धरना स्थल पर डटे रहे तथा प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा और भूमि की पैमाइश नहीं कराई जाएगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शनिवार को भाकियू भानू ने अब विरोध प्रदर्शन करने के बाद भूख हड़ताल शुरू कर दी है। संगठन के नेताओं ने कहा कि प्रशासन लगातार आश्वासन दे रहा है,



भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू भानु के लोग। -जागरण मोर्चा

लेकिन धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पैमाइश का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा आगे की रणनीति बनाकर बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। धरना स्थल पर पूरे दिन किसानों की मौजूदगी बनी रही। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें पूरी होने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और वार्ता के माध्यम से रास्ता निकालने की कोशिश जारी रहेगी। इस दौरान बडी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पराविधिक स्वयंसेवकों के चयन के लिए 2 जुलाई को होगा साक्षात्कार

**पीलीभीत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की पराविधिक स्वयंसेवक योजना के तहत मुख्यालय के एक तथा तहसील कलीनगर के दो पराविधिक स्वयंसेवकों के चयन के लिए साक्षात्कार किया जाएगा। यह साक्षात्कार 2 जुलाई 2026 को सायं 4:30 बजे जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसमें आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित समय पर साक्षात्कार में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक, ग्राम पंचायतों से मांगी विकास कार्ययोजना



समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधान, बीडीसी सदस्य और अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ललौरीखेड़ा।** ब्लॉक सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों और अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों को शीघ्र विकास कार्ययोजनाएं तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, प्रत्येक ग्राम पंचायत में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा पंचायत भवनों और श्मशान भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे।

## तबादला, एक माह गुज़रा फिर भी जमे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक



**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक साबिर अली का शासन द्वारा 1 जून 2026 को जनहित एवं शासकीय कार्यहित में नगर पालिका परिषद शाहाबाद स्थानांतरण कर दिया गया था। आरोप है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के एक माह बाद भी उन्होंने पीलीभीत में कार्यमुक्त होकर शाहाबाद में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इस संबंध में एक शिकायत देकर मामले की जांच कराने तथा यदि आदेशों की अवहेलना हुई हो तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। शिकायत में कर्मचारी पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए हैं।

## राधा माधव जगन्नाथ मंदिर मनाया वार्षिकोत्सव पूजा अर्चना के लिए बडी संख्या में पहुंचे भक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** राधा माधव जगन्नाथ मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर सुबह से ही भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला लगातार चलती रही। भगवान राधा-माधव और जगन्नाथ जी के विशेष श्रृंगार दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता रहा। दूर-दराज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन-पूजन करते नजर आए। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, हवन, आरती और संकीर्तन का सिलसिला लगातार जारी रहा। भजनों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और घंट-घड़ियाल की गूंज से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

ने भक्ति गीतों में सामूहिक रूप से भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगी झालरों, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट ने मंदिर की शोभा और बढ़ा दी। आयोजन स्थल पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और मंदिर समिति द्वारा दर्शन एवं व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## दुकान पर गए युवक को पीटकर किया घायल, शिकायत

**पूरनपुर।** दुकान पर जा रहे युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को पीलीभीत के अस्पताल में भर्ती कराया है घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र विमल कुमार 26 जून को शाम करीब आठ बजे गांव के ही एक परचून की दुकान पर गया था। वहां पर गांव के ही एक युवक ने उसके पुत्र के साथ गाली गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर लात घूंसों व डंडों से मारा पीट।। जिससे वह घायल हो गया। शोर मचाने पर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। जिस पर जान से मारने की धमकी दी। युवक घायल अवस्था में युवक काफी देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। सूचना पर पीड़ित के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और बेहोश पड़े युवक को घर लेकर आए। पहले तो मारपीट करने वालों ने इलाज कराने की बात कही। लेकिन शनिवार को इलाज करने से मना कर दिया। युवक को पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग, हिंदू महासभा ने सौंपा ज्ञापन



छेड़छाड़ के आरोपी पर बुलडोज़र कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपते हिंदू महासभा के लोग।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिंदू महासभा की नगर अध्यक्ष गीता मिश्रा के नेतृत्व में संगठन ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा में नाबालिग बालिका से कथित छेड़छाड़ के आरोपी नौबत सिंह के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 जून को हुई कथित घटना से जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। संगठन ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ दिनों में इस प्रकार की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हिंदू महासभा ने मांग की कि आरोपी के विरुद्ध बिना किसी जाति, धर्म या अन्य भेदभाव के सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही संगठन ने आरोपी के मकान पर बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग उठाई। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मामले में निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन जन-आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को संबोधित किया गया, जिसमें मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

### टिप्पणी के विरोध में स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी

**पीलीभीत।** भगवान राम एवं हनुमान जी पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा कथित रूप से दिए गए बयान के विरोध में माँ ज्वालामुखी चैरिटेबल ट्रस्ट ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी एडवोकेट ने बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को प्रार्थना–पत्र भेजा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 23 जून को गाजीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने भगवान राम, राम मंदिर और हनुमान जी के संबंध में अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ट्रस्ट के अनुसार, मामले में सोमवार, 29 जून को स्पेशल जज (एमपी–एमएलए) कोर्ट, पीलीभीत में वाद दायर किया जाएगा।




इबादत | कर्बला में सुपुर्द–ए–खाक, मेले में उमड़ी हजारों की भीड़

## घुंघचाई में अकीदत के साथ निकले ताजिए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मुहर्रम के अवसर पर शनिवार को घुंघचाई में अकीदत और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ताजिए निकाले गए। दिनभर क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। रंग-बिरंगे और आकर्षक ताजियों के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। देर शाम सभी ताजियों को कर्बला पहुंचाकर धार्मिक परंपरा के अनुसार सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और पुलिस की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कस्बा घुंघचाई में हर वर्ष की तरह इस बार भी मुहर्रम का जुलूस पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ निकाला गया। अलग-अलग मोहल्लों और गांवों से तैयार होकर



घुंघचाई में निकाले गए ताजिए। -जागरण मोर्चा

आए ताजिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। कारीगरों द्वारा तैयार किए गए ताजियों की बारीक नक्काशी, रंगीन सजावट और पारंपरिक शिल्पकला ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जुलूस के आगे-आगे युवा पारंपरिक अंदाज में चल रहे थे, जबकि पीछे बड़ी संख्या में लोग ताजियों के साथ शामिल रहे। अवसर पर कस्बे में लगे मेले ने भी लोगों को खूब आकर्षित किया। मेले में मिठाई, खिलौने, चाट, फास्ट फूड, श्रृंगार सामग्री तथा घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दर्जनों दुकानें सजी थीं। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस मार्ग और कर्बला परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने समय-समय पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। शाम को कर्बला में ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## शिक्षा और युवाओं के मुद्दों पर कांग्रेस का अभियान, न्यूरिया में होगा कार्यक्रम



प्रेस वार्ता में मौजूद अध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा व अन्य। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, पेपर लीक, बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की मौजूदा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए इसे युवाओं के साथ अन्यायपूर्ण बताया। कांग्रेस प्रवक्ता हेमंत मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार पेपर लीक, भर्ती में देरी, बेरोजगारी और शिक्षा प्रणाली की खामियों को देश के सामने उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत रविवार को न्यूरिया नगर में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक छात्रों और युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता में शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की पुण्यतिथि पर पूजन




जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की पुण्यतिथि पर प्रखर बाल संस्कारशाला कैंप कार्यालय में वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने बताया कि भारत सरकार ने 27 जून 1991 को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर स्मारक डाक टिकट जारी कर उनके राष्ट्र व समाजसेवी योगदान का सम्मान किया था। वक्ताओं ने आचार्यश्री के जीवन को राष्ट्रभक्ति, सेवा, तप व आध्यात्मिक जागरण का प्रेरक उदाहरण बताते हुए कहा कि उन्होंने अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार सहित कई संस्थानों की स्थापना कर विचार क्रांति अभियान चलाया। इस अवसर पर रघुनाथ सिंह, संजीव कुमार शर्मा, इं. नत्थूलाल शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली को मिले नए निदेशक

## डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल ने संभाली कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के लिए यह क्षण विशेष उपलब्धि का रहा, जब डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल को विद्यालय का नया निदेशक (Director) नियुक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की डॉ. प्रियंका सरकार ने दोनों नवनियुक्त निदेशकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह के दौरान डॉ. सौदामिनी अग्रवाल एवं आर्यमन अग्रवाल ने औपचारिक रूप से नियुक्ति-पत्र पर हस्ताक्षर कर निदेशक पद का दायित्व ग्रहण किया। उन्होंने विद्यालय की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल एवं चंदना अग्रवाल ने दोनों निदेशकों को शुभाशीष प्रदान किए। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहा। विद्यालय परिवार ने नई शुरुआत का स्वागत करते हुए भरोसा जताया कि नए निदेशकों के मार्गदर्शन में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा।

## सार संक्षेप

### डीएम ने सुनीं जन शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



लोगों की समस्याएं सुनते जिला अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी प्रभावी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### शहपुर में जमीन विवाद पर बवाल, पांच गिरफ्तार



विवादित स्थल पर मौजूद पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम शहपुर में कोर्ट के स्थगनादेश वाली भूमि पर कथित जबरन कब्जे को लेकर शनिवार को विवाद हो गया। विरोध के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें कई लोगों के घायल होने की सूचना है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष ने करोड़ चौकी इंचार्ज पर कब्जा कराने में मिलीभगत और संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया है। चौकी इंचार्ज पर लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### गंगा स्नान पर यातायात डायवर्जन लागू

**बदायूं।** गंगा स्नान (ज्येष्ठ पूर्णिमा) के अवसर पर कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए डायवर्जन लागू किया है। यह व्यवस्था 28 जून रात 8 बजे से 29 जून रात 8 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान बदायूँ से हाथरस, अलीगढ़, मथुरा व राजस्थान जाने वाले वाहन उझानी बाईपास से मुजरिया, सहसवान, जरीफनगर, गुन्नौर व बबराला होकर गुजरेंगे। वहीं कासगंज, एटा व आगरा की ओर जाने वाले वाहन नौशेरा तिराहा से कादरचौक व गंजडुडवारा के रास्ते भेजे जाएंगे। मुजरिया चौराहे व सहसवान कछला रोड से कछला होकर कासगंज जाने वाले वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रमुख डायवर्जन प्वाइंट नौशेरा तिराहा, मेडिकल कॉलेज तिराहा, उझानी बाईपास, मुजरिया चौराहा व सहसवान कछला रोड पर पुलिस द्वारा लागू किया जाएगा। हालांकि यह व्यवस्था गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं पर लागू नहीं होगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बदायूं।** सड़कों पर सूख रही मक्का की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बाबजूद जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। सड़क पर सूख रही मक्का की वजह से उधैती-करनपुर लिंक रोड पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजन घायल को निजी अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। उधैती थाना क्षेत्र के गांव छिवऊ कलां निवासी बाबूराम राजमिस्त्री का काम करता था। शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे वह बाइक से करनपुर-उधैती मार्ग पर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उनकी बाइक को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक मक्का पर फिसलती चली गई और बाबूराम दूर जा गिरे। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस और परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए चंदौसी ले जा रहे थे, तभी बाबू राम की रास्ते में मौत हो गई। परिजन शव को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टेट परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) 2026 की तैयारियों को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा कार्य में लगे कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा की सुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल 28,198 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। तीन दिवसीय परीक्षा पांच पालियों में आयोजित होगी, जिसमें प्रथम तीन पाली उच्च प्राथमिक स्तर तथा अंतिम दो पाली प्राथमिक स्तर की होंगी। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 से 5:00 बजे तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए केवल प्रवेश पत्र, आधार कार्ड एवं काला डॉट पेन ही मान्य होगा। प्रथम पाली के लिए प्रवेश सुबह 7:15 से 8:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली के लिए 12:15 से 1:45 बजे तक ही दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रैन बसेरा, प्राथमिक चिकित्सा किट, रोडवेज व रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क एवं किराया संबंधी जानकारी वाले बैनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्वास्थ्य, परिवहन और खाद्य विभाग को अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए गए।

# सगी चाची की बेरहमी से हत्या, भतीजा गिरफ्तार

## पारिवारिक रिश्तों को किया शर्मसार, घटना से इलाके में दशहत और शोक का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटना स्थल पर जमा लोग। -जागरण मोर्चा



मृतका का फाइल फोटो।

**पीलीभीत।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र में रिश्तों को झकझोर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। सगी चाची की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसके भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार मोहल्ला अशरफ खां निवासी 32 वर्षीय निशा को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका के पति सलीम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शोएब मंसूरी उर्फ मोनिस के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस पारिवारिक विवाद समेत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की पड़ताल कर रही है। हत्या के पीछे का वास्तविक कारण जानने के लिए आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस रिश्ते में विश्वास और अपनापन होना चाहिए, उसी रिश्ते में हत्या जैसी वारदात ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। स्थानीय लोगों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# गंगा में डूबे युवकों के परिजनों को विधायक ने दिए 4-4 लाख के चेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

- राज्य आपदा निधि के तहत मिली आर्थिक सहायता

**मुजरिया।** गंगा में डूबकर हुई दो युवकों की मौत के बाद क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक ने राज्य आपदा निधि के तहत दोनों मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये के चेक सौंपे।

बताया जाता है कि क्षेत्र के गांव बगुला नगला निवासी कृष्णावतार और विवेक की दो दिन पूर्व गंगा में डूबने से मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर विधायक हरीश शाक्य मृतकों के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने मृतक विवेक की पत्नी खुशबू तथा कृष्णावतार की माताजी ज्ञानवती को चार-चार लाख रुपये के चेक सौंपे। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाया जाए।

## बगरैन मंडल की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन, डिजिटल प्रशिक्षण को दी प्राथमिकता



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बगरैन।** गौरी शंकर इंटर कॉलेज में आयोजित बगरैन मंडल की बैठक में संगठन को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य फोकस डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम रहा, जिसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने और कार्यक्रम को बूथ स्तर तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने की योजना बनाई गई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि "मन की बात" कार्यक्रम का नियमित प्रसारण किया जाएगा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती प्रत्येक बूथ पर उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अचल शर्मा, मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान, महामंत्री राजेश उपाध्याय समेत शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, प्रवासी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेडीकल रिपोर्ट में बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि, आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली बच्ची अचानक घर के बाहर ताजिया देखते समय लापता हो गई थी। पिता ने मामले की गुमशुदगी थाने पर दर्ज कराई। शुक्रवार सुबह तड़के बच्ची गांव के बाहर मक्के के खेत में मिली थी। बच्ची के मिलने पर पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया। जिसमें बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव के एक व्यक्ति ने अपनी 4 साल की नातिन के गायब होने की शिकायत अलापुर थाने में दी थी। पुलिस ने शिकायत मिलने पर बच्ची की गुमशुर्दगी की धाराओं में केस दर्जकर बच्ची की तलाश शुरु की। शुक्रवार सुबह तड़के गांव के बाहर बच्ची गांव के बाहर मक्के खेत मिली। बच्ची मिलने पर उसके कपड़े खून से लथपथ थे। एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि मेडीकल रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। मुकदमें में दुष्कर्म व पॉक्सों एक्ट की धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है। आरोपित को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पूरी फोर्स के सामने युवक ने बदायूं के इस इंस्पेक्टर को दे डाली खुली चुनौती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुहर्रम जुलूस से एक दिन पहले फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव दूनपूर में एक युवक ने पूरी फोर्स के सामने इंस्पेक्टर को खुली चुनौती दे डाली। बोला-'एक कॉल कर दूंगा तो पूरी विधानसभा बंद हो जाएगी। मोदी जी ने तो नकली लॉकडाउन लगाया, हम तो ताकत में भी नहीं, लेकिन कल ही लॉकडाउन लग जाएगा।' केवल यही नहीं, उसने कुछ पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर कराने तक की धमकी दे डाली। अब सोशल मीडिया पर युवक की बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है।

मामला फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव दूनपुर का बताया जा रहा है। यहां का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक खुद को अनमोल सागर बताते हुए इंस्पेक्टर सुभाष कुमार से जो कह रहा है, उसे खाकी को चुनौती ही कहा जा सकता है। युवक प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भी कह रहा है और यह भी कह रहा है कि पुलिस के कुछ लोग छवि खराब कर रहे हैं, उनका कल ही ट्रांसफर करा दूंगा।

ये मामला बृहस्पतिवार रात का बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मुहर्रम से एक दिन पहले गांव में ताजियों को निकालने जाने वाले रास्ते पर बिजली के तार हटाने को लेकर दो पक्षों में तनातनी हो रही थी। एक पक्ष तार हटाने से मना कर रहा था, जिस पर पुलिस ने कुछ सख्ती करके मामला रफा दफा कर दिया था। बताते हैं कि इसके बाद ही अनमोल सागर नाम का यह युवक एक पक्ष के समर्थन में आकर पुलिस को ही लॉकडाउन लगाने की चुनौती देने लगा। वीडियो में युवक नीला गमछा डाले इंस्पेक्टर से बात करते दिखाई दे रहा है। इस संबंध मे कुछ ग्रामीणों का दबी जुबान कहना था कि जिस प्रकार यह युवक खुलेआम फोर्स के सामने इंस्पेक्टर को चुनौती दे रहा है, उससे तो कानून की धज्जियां ही उड़ रही हैं। ऐसे तो कोई भी खाकी को चुनौती दे देगा।

### इंस्पेक्टर ने कहा- 'हमें कहां चुनौती दे रहा, अपनी बात कह रहा था'

इस संबंध में जब सीओ बिसौली अंशुमन श्रीवास्तव से पूछा गया तो उन्होंने मामला संज्ञान में न होने की बात कही जबकि इंस्पेक्टर तो युवक का खुला बचाव करते दिखाई दिए। उन्होंने कहा- 'वह तो अपनी बात कह रहा था, हमें कहां चुनौती दे रहा था। वह तो बता रहा था कि लॉकडाउन में ऐसा किया था।

## सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय को स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश उपाध्याय के कासगंज स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया सहित जनपद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपाध्याय के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा व नेतृत्व क्षमता को सराहा। एसएसपी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सवाल** मुख्य आरोपी कोषाध्यक्ष को बचाने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

# शंकराचार्य ने राम मंदिर चोरी मामले में भाजपा सरकारों को घेरा, जिम्मेदारों को बचाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या राम मंदिर में हुई चढ़ावा चोरी, ट्रस्ट की कार्यशैली व गोरक्षा को लेकर भाजपा सरकारों पर तीखे सवाल उठाये। उन्होंने राममंदिर चढ़ावा चोरी मामले में केंद्र व प्रदेश सरकार को कटाक्ष करते हुए मुख्य आरोपियों को बचाने के आरोप लगाए। उन्होंने राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी का नाम लेते हुआ कहा कि रुपयों के मामले में सबसे पहले कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी होती है, लेकिन उनका नाम तक किसी ने नहीं लिया।

दो दिवसीय प्रवास पर बदायूं पहुंचे शंकराचार्य ने कहां कि कहां है गोविंद गिरी जो प्रधानमंत्री को चम्मच से चरणामृत पिलाकर उनकी झूठन हाथ में लिए घूम रहा था। राम मंदिर ट्रस्ट में जिन लोगों को शामिल किया गया है वह संत महात्माओं को बदनाम कर रहें हैं। ऐसे लोगों को सरकार बचाने में लगी है, उनका नाम तक नहीं लिया जा रहा है। एफआईआर के नाम पर छोटी मछलियों पर कार्रवाई की गई है। जबकि बड़ी मछलियों को बचाया गया है।

उन्होंने एसआईटी जांच पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो लोग चोरी के लिए दोषी हैं, उनको ही जांच सौंप दी गई है। ऐसे में निष्पक्ष जांच की कैसे कल्पना की जा सकती है। बताते चलें कि शंकराचार्य इन दिनों गविष्टी यात्रा पर हैं। उन्होंने बताया कि 81 दिवसीय यात्रा 3 मई को गोरखपुर से शुरु हुई थी। अब तक यात्रा 50 दिन पूरे कर चुकी है। बदायूं में दो दिवसीय यात्रा के दौरान चङ विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई को लखनऊ के कांशीराम स्थल पर अगले चरण की घोषणा की जाएगी। उनकी यात्रा का उद्देश्य लोगों को गोरक्षा के प्रति जागरुक करना है। उनका आरोप है कि लंबे समय से देश व प्रदेश में रामभक्तों की सरकार होने के बाद भी गोहत्या बंद नहीं हुई। कहा कि अब गोविरोधी सरकार की असलियत लोगों को बताकर गोरक्षा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। शंकराचार्य ने कहा कि अब नहीं तो कभी नहीं के संकल्प के साथ यह अभियान चलाया जाएगा।

कहा कि जो गोमाता को मानता है वह उनका भाई है, जो नहीं मानता उससे उनका कोई रिश्ता नहीं है। शंकराचार्य ने राम मंदिर ट्रस्ट व उसके निर्माण पर भी गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण, जमीन खरीद, चढ़ावे व 40 प्रतिशत कमीशन के मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। इसकी भी निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। कहा कि दो करोड़ की जमीन चंद मिनटो के बाद 22 करोड़ में खरीदी गई। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि मीडिया भी सच्चाई लोगों को नहीं दिखा रही है। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, पूर्व विधायक हाजी विट्टन अली, सुरेश पाल सिंह चौहान, फखरे अहमद शोबी, आमिर सुल्तानी आदि मौजूद रहे।

# 28 जून से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान, सीएमओ ने जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी




जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीएमओ। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.सी. पंत ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने बताया कि 28 जून को 1231 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर टीमें बच्चों को दवा पिलाएंगी। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3.79 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराकर नॉकआउट में इक्वाडोर, फीफा वर्ल्ड कप में उलटफेर

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में गुरुवार का दिन बड़े उलटफेरों और ऐतिहासिक नतीजों के नाम रहा, जहां निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर आइवरी कोस्ट ने और जर्मनी को 2-1 से धूल चटाकर इक्वाडोर ने पहली बार विश्व कप के नॉकआउट (राउंड ऑफ 32) चरण में पहुंचकर इतिहास रच दिया।

दूसरी ओर, ट्यूनीशिया को 3-1 से मात देकर नीदरलैंड्स ग्रुप एफ में टॉप पर रहा, जबकि जापान और स्वीडन का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद इन दोनों टीमों ने भी अगले दौर का टिकट पक्का कर लिया। वहीं, ग्रुप-डी के मैचों में तुर्की ने इंजरी टाइम के रोमांचक गोल की बदौलत अमेरिका को 3-2 से पटखनी दी।



## दूसरे मिनट में ही गोल दागने के बावजूद 2-1 से हार गया जर्मनी

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप ई के मुकाबले में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। फिलाडेल्फिया स्टेडियम में इक्वाडोर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार बार की चैंपियन जर्मनी को 2-1 से हराया। इस जीत के साथ ही इक्वाडोर ने राउंड ऑफ 32 का टिकट हासिल कर लिया है। मैच की शुरुआत से ही दोनों ही टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। जर्मनी ने मुकाबले के दूसरे मिनट में ही गोल दागते हुए 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। टीम के लिए यह गोल लेरॉय साने ने किया। विर्ट्ज से मिले पास का फायदा उठाते हुए साने ने पेनल्टी एरिया के अंदर से शानदार शॉट लगाया, जो सीधा गोल पोस्ट में पहुंचा। हालांकि, इक्वाडोर ने भी मुकाबले में जबरदस्त वापसी की और 9वें मिनट में ही स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

## आइवरी कोस्ट ने क्यूरासाओ को हराया

निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने यहां क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर पहली बार फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मैच के बाद आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वे टीम फोटो के लिए पिच पर घुटनों के बल बैठ गए और सभी ने एक अंगुली आसमान की ओर उठाई। यह इस पश्चिम अफ्रीकी टीम के विश्व कप नॉकआउट दौर में पहली बार पहुंचने की खुशी थी।

## जापान और स्वीडन का मैच 1-1 से ड्रा

डाइजेन माएदा ने जापान को बढ़त दिलाई लेकिन छह मिनट बाद एंथनी एलंगा ने बराबरी का गोल कर स्वीडन को 1-1 से ड्रॉ दिलाया जिससे दोनों ही टीमें यहां विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंच गईं। एलंगा ने 62वें मिनट में बॉक्स के दाहिने कोने के ठीक बाहर से बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल किया और स्वीडन को नॉकआउट में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



## नोवाक जोकोविच को मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली**

जून से शुरू होने जा रहे विम्बलडन 2026 में सभी की निगाहें सर्बिया के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पर टिकी होंगी, इस प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में जोकोविच मेन्स सिंगल्स स्पर्धा में शिरकत करेंगे, लेकिन उनकी राह बिल्कुल आसान नहीं दिख रही है। चीन के वू यिबिंग के खिलाफ उनका पहला मुकाबला भले ही आसान लग रहा हो, लेकिन आगे का सफर बेहद कठिन है। सातवीं वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में स्टेफानोस सितसिपास से हो सकता है। तीसरे दौर में नोवाक जोकोविच का मुकाबला ब्राजील के जोआओ फोन्सेका से होने की संभावनना है। क्वार्टर फाइनल में तीसरे वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-एलियासिम के साथ जोकोविच की टक्कर हो सकती है। स्पेन के युवा सुपरस्टार कार्लोस अल्कारेज की गैरमौजूदगी ने नोवाक जोकोविच के रास्ते की एक बड़ी बाधा हटा दी है। लेकिन इस बार विम्बलडन का ताज जीतना आसान नहीं होगा। दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर और दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव भी उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़े हो सकते हैं।

### तीसरे क्वार्टर में भारतीय धुरंधरों ने दनादन 4 गोल दागे

# एफआईएच प्रो लीग में भारत ने पाकिस्तान को 7-1 से रौंदा

**लंदन**

एफआईएच प्रो लीग 2025-26 में भारत ने पाकिस्तान को एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार हरा दिया है। टूर्नामेंट के अपने 15वें मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7-1 से हराया। पिछले मुकाबले की तरह ही इसमें भारत ने पिछड़ने के बाद वापसी की और अंत में जीत हासिल की।

टूर्नामेंट के 15 मैचों में भारतीय टीम की यह चौथी सीधी जीत है। एक मैच में टीम को पेनल्टी शूटआउट में जीत मिली है। पाकिस्तान का अभी तक खाता नहीं खुला है। टीम अपने सभी 15 मैच हारी है। पहले क्वार्टर में भारत को तीन पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन टीम एक भी गोल नहीं दाग पाई। वहीं पाकिस्तान ने अपने पहले ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया।

अबू महमूद ने 13वें मिनट में यह गोल किया। भारत के खिलाफ पहले क्वार्टर में पाकिस्तान ने बढ़त बना ली थी। पाक टीम के कप्तान अबु बक्र महमूद ने पाक के लिए गोल किया और टीम इंडिया के खिलाफ 1-0 की बढ़त हासिल की लेकिन पहले क्वार्टर के अंत तक यह बढ़त बरकरार रही। भारत की तरफ से पहला गोल 20वें मिनट में सुखजीत सिंह के स्टिक से आया। 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम के लिए दूसरा गोल किया।



### हार्दिक, जुगराज, अभिषेक और राजकुमार ने दिलाई बढ़त

तीसरे क्वार्टर में भारत की तरफ से हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागा। इसके बाद जुगराज सिंह ने 35वें और अभिषेक ने 41वें मिनट में गोल करके भारत को 5-1 से आगे कर दिया। 44वें मिनट में राज कुमार पाल ने गोल दागा। यह तीसरे क्वार्टर का चौथा और मैच में भारत का छठा गोल था। 53वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने भारत की तरफ से आखिरी गोल किया। हॉकी में भारत ने पाकिस्तान पर लंबे समय से दबदबा बनाकर रखा है। साल 2016 के बाद से भारत सीनियर और जूनियर स्तर पर पाकिस्तान से नहीं हारे हैं। हाल ही में जापान में हुए अंडर-18 एशिया कप में पाकिस्तान की जूनियर टीम भारत से 5-3 से हार गई थी।

# अभिषेक शर्मा की फिफ्टी गई बेकार आयरलैंड से भारत की शर्मनाक हार

### आयरलैंड ने टी20 में पहली बार भारत को हराया, सीरीज में बढ़त



**बेलफास्ट**

लॉर्कन टकर की कप्तानी पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने भारत को मात दी है। इसी के साथ उन्होंने टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार टीम इंडिया को हराया है। इससे पहले ये टीम कभी भी भारत को नहीं हरा सकी थी। टीम इंडिया की बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा के अलावा अन्य कोई कमाल नहीं कर सका और इसी वजह से हार का सामना करना पड़ा। आयरलैंड के पहले बल्लेबाजी करते हुए टकर ने अर्धशतक लगाया था और अपनी टीम को 182 के स्कोर तक पहुंचाया था। इसके जवाब में टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही और पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए थे। आयरिश टीम ने मेहमानों को 34 रनों से हराया।

### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टेक्टर कॉट अय्यर बो.राणा | 17 | 12 | 2 | 1 |
| अडायर कॉट सैमसन बो.राणा | 12 | 7 | 2 | 0 |
| हैरी कॉट सैमसन बो.अर्शदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| टकर कॉट तिलक बो.राणा | 50 | 36 | 5 | 2 |
| कालित्ज़ कॉट कृष्णा बो.दुबे | 15 | 11 | 0 | 2 |
| डेलानी कॉट अक्षर बो.अर्शदीप | 49 | 32 | 3 | 3 |
| डॉकरेल कॉट अर्शदीप बो.अक्षर | 19 | 10 | 2 | 1 |
| मैकार्थी कॉट तिलक बो.अक्षर | 7 | 5 | 1 | 0 |
| हम्फ्रीज़ रन आउट | 2 | 3 | 0 | 0 |
| मूंदरा नाबाद | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 9, कुल रन: 182-9 (20.0) **बल्लेबाजी नहीं की**: मैट होलार्ड **विकेट पतन**: 20-1,25-2,30-3,51-4,115-5,164-6,178-7,178-8,182-9.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक कॉट कालित्ज़ बो.मैकार्थी | 50 | 20 | 7 | 2 |
| सैमसन बो.मूंदरा | 5 | 4 | 1 | 0 |
| ईशान कॉट टकर बो.होलार्ड | 1 | 5 | 0 | 0 |
| अय्यर कॉट डॉकरेल बो.होलार्ड | 3 | 7 | 0 | 0 |
| तिलक कॉट अडायर बो.हम्फ्रीज | 19 | 21 | 3 | 0 |
| सुंदर कॉट कालित्ज़ बो.होलार्ड | 9 | 12 | 0 | 0 |
| दुबे कॉट एंड बो. मूंदरा | 25 | 14 | 1 | 2 |
| अक्षर कॉट टेक्टर बो.डेलानी | 15 | 16 | 1 | 0 |
| राणा कॉट कालित्ज़ बो.हम्फ्रीज़ | 8 | 9 | 0 | 1 |
| अर्शदीप कॉट टेक्टर बो.हम्फ्रीज़ | 2 | 4 | 0 | 0 |
| कृष्णा नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 10, कुल रन: 148-10 (18.5) **विकेट पतन**: 16-1,45-2,60-3,80-4,90-5,100-6,135-7,137-8,147-9,148-10. **गेंदबाज- हम्फ्रीज**: 3.5-0-38-3, मूंदरा: 4-0-26-2, मैकार्थी: 3-0-29-1, होलार्ड: 4-0-28-3, हैरी: 3-0-22-0, डेलानी: 1-0-3-1.

### सैमसन-ईशान और अय्यर फ्लॉप

आयरलैंड के 183 रनों के लक्ष्य के जवाब में टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। टीम इंडिया ने अपना पहला विकेट 16 रनों के स्कोर पर संजू सैमसन (5) के रूप में गंवाया। इसके बाद तीसरे नंबर पर आए बैटिंग करने ईशान किशन का बल्ला भी नहीं चला। वे 5 गेंदों पर 1 रन बनाकर आउट हो गए। किशन के आउट होने के बाद कप्तान अय्यर 7 गेंदों पर 3 रन बनाकर आउट हो गए।

### वैभव का डेब्यू के लिए बढ़ा इंतजार



युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 में शामिल नहीं किया गया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पास बहुत अनुभव है उन्हें मौका दिया गया।

**पुरस्कार** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों से की मुलाकात, बेहतर प्रदर्शन पर दीं बधाई और शुभकामनाएं

# गोल्ड विजेताओं को 3-3 और ब्रॉन्ज पर 1-1 लाख देगी मप्र सरकार

### सीएम डॉ. यादव बोले, भारतीय हॉकी में एमपी का बढ़ता प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण उपलब्धि

**भोपाल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 26 जून को पदक विजेता हॉकी खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी टीम में मध्यप्रदेश बढ़ता प्रतिनिधित्व एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।



मध्यप्रदेश सरकार खिलाड़ियों को पूरा प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने निवास पर भेंट के लिए आए अंडर 18 पुरुष और महिला हॉकी एशिया कप-2026 में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। इस टूर्नामेंट का आयोजन जापान के काकामिगाहारा शहर में 29 मई से 6 जून 2026 तक किया गया था। पदक विजेता पुरुष और महिला खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन पर मध्यप्रदेश सरकार ने प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सभी खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, सिवनी और बड़वानी के खिलाड़ियों में से कुछ खिलाड़ी बहुत साधारण परिवार से हैं। अपनी प्रतिभा के दम पर इन खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण और 4 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। निश्चित ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### नौसीन नाज रहीं टॉप स्कोरर

अंडर 18 पुरुष-महिला हॉकी एशिया कप में पुरुष वर्ग में एशिया के नौ देश (भारत, कोरिया, जापान, चीनी-ताइपे, कजाकिस्तान, मलेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, चीन) एवं महिला वर्ग में एशिया के आठ देशों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भारत की 18 सदस्यीय बालक-बालिका हॉकी टीम ने भाग लिया। भारतीय बालक हॉकी टीम में मप्र राज्य पुरुष हॉकी अकादमी, भोपाल के 6 बालक खिलाड़ी सदस्य रहे तथा स्वर्ण पदक अर्जित किया। भारतीय बालिका हॉकी टीम में मप्र राज्य महिला हॉकी अकादमी, ग्वालियर की 4 बालिका खिलाड़ी सदस्य रही तथा कांस्य पदक अर्जित किया। मप्र राज्य महिला हॉकी अकादमी की खिलाड़ी नौसीन नाज ने प्रतियोगिता में 12 गोल कर टूर्नामेन्ट की टॉप स्कोरर बनने का गौरव प्राप्त किया।

### इन खिलाड़ियों ने किया प्रतिनिधित्व

पुरुष खिलाड़ी :- आयुष रजक, पिता स्व अनिल रजक, जिला जबलपुर, स्वर्ण पदक। अंश बहुत्रा, पिता नीरज बहुत्रा, जिला नर्मदापुरम, स्वर्ण पदक। करन गौतम, पिता मनोज गौतम, जिला उमरिया, स्वर्ण पदक। अवि माणिपुरी, पिता जितेन्द्र माणिपुरी, जिला भोपाल, स्वर्ण पदक। सिद्धार्थ बेन, पिता लेखराम बेन, जिला जबलपुर, स्वर्ण पदक। गाजी खान, पिता महबूब खान, जिला नर्मदापुरम, स्वर्ण पदक।

# जुरैल ने शतक से भारत को दिलाई विशाल बढ़त

**गाले**

कप्तान ध्रुव जुरैल के नाबाद 141 रन की शानदार पारी की बदौलत भारत-ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट पर 452 रन बनाकर घोषित कर दी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआती दो झटके देकर श्रीलंका ए को दबाव में ला दिया। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका-ए ने दो विकेट पर 113 रन बनाए थे और वह पहली पारी के आधार पर अभी भी 339 रन पीछे है। भारत के लिए अंशुल कंबोज (1/22) और यश ठाकुर (1/20) ने एक-एक विकेट लेकर मेजबान टीम की शुरूआत खराब कर दी। कंबोज ने विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला (10) को शेख राशीद के हाथों कैच कराया।

### निशानेबाजों ने 24 पदक अपने नाम किए

**नई दिल्ली।** भारत ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 24 पदक अपने नाम किए। जर्मनी के सुहल में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत ने सात स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य पदक अपने नाम किए। भारत के अभियान की शुरूआत जबरदस्त रही। सेजल कांबले ने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला जूनियर इवेंट में व्यक्तिगत स्वर्ण जीता, जबकि हिमांशी ने कांस्य पदक जीता। सेजल कांबले, वंशिका चौधरी और नव्या बिश्नोई ने इसी इवेंट के टीम मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।